# न्यूज़ वाणी



वर्ल्ड ऑर्डर में आया एक बड़ा बदलाव! पेज- 2



फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन आज पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 109 | शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रुपया

## असम, केरल और पुडुचेरी के लोगों से प्रधानमंत्री मोदी ने की अपील

### -बड़ी संख्या में करें अपने मताधिकार का प्रयोग

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को असम, केरल और पुडुचेरी के लोगों से अपने प्रदेश में विधानसभा चुनाव में बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। अंग्रेजी के अलावा असमिया, मलयालम और तमिल में जारी अलग–अलग संदेशों में प्रधानमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं से आगे आकर मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए मतदान शुरू होने के साथ, मैं असम के लोगों से बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करता हूं। मुझे उम्मीद है कि राज्य के युवा और महिला मतदाता उत्साहपूर्वक भाग लेंगे और इस चुनाव को लोकतंत्र और जन कर्तव्य का पर्व बनाएंगे। केरल के लोगों से बड़ी संख्या में मतदान करने का आह्वान करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रिकॉर्ड




भागीदारी राज्य की लोकतांत्रिक भावना को और सशक्त करेगी। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से राज्य के युवाओं और महिलाओं से आगे आकर बड़ी संख्या में मतदान करने का अनुरोध करता हूं। प्रधानमंत्री ने पुडुचेरी के प्रत्येक मतदाता से भी रिकॉर्ड संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं विशेष रूप से हमारे युवाओं और महिला मतदाताओं से लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की अपील करता हूं। पुडुचेरी के भविष्य को आकार देने में हर वोट महत्वपूर्ण है। असम की 126, केरल की 140 और पुडुचेरी की 30 विधानसभा सीट के लिए बृहस्पतिवार को मतदान हो रहा है। पुडुचेरी विधानसभा में 30 सीट पर जनता के वोट से उम्मीदवार निर्वाचित होते हैं जबकि तीन सदस्यों को केंद्र सरकार द्वारा मनोनीत किया जाता है। असम, केरल और पुड्डुचेरी विधानसभा चुनावों के लिए गुरुवार को जारी मतदान के बीच कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मतदाताओं से बेहतर भविष्य के लिए मतदान करने की अपील की है। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में मतदाताओं से लोकतंत्र के इस महापर्व में सक्रिय भागीदारी निभाने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सभी को बेहतर भविष्य के लिए मतदान करना चाहिए। केरल की जनता को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने लिखा कि राज्य के लोग ऐसी सरकार के हकदार हैं जो उनकी बात सुने, उनकी समस्याओं को समझे और उनके कल्याण के लिए दिन–रात काम करे। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सत्ता में बने रहना या भ्रष्टाचार करना नहीं होना चाहिए बल्कि जनता को प्राथमिकता देना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब बदलाव का समय है और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट ही वह बदलाव ला सकता है। वहीं, असम के मतदाताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ष्मेरी प्यारी बहनों और भाइयों, आज लोकतंत्र के महापर्व में बढ़–चढ़कर हिस्सा लीजिए। अपने राज्य, अपनी जमीन, अपनी संस्कृति और अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए वोट करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनता ऐसी सरकार की हकदार है जो केवल उनके लिए काम करे और उन्हें मजबूत बनाए। सुश्री गांधी ने अंत में जय असम, जय कांग्रेस के नारे के साथ अपनी अपील समाप्त की। गौरतलब है कि तीनों राज्यों की विधानसभा चुनावों के लिए मतदान जारी है।

### पुडुचेरी चुनावः थिरुकन्नूर मतदान केंद्र पर भिड़े कांग्रेस और भाजपा कार्यकर्ता, पुलिस ने किया लाठी चार्ज

(एजेंसी) पुडुचेरी पुडुचेरी में मन्नादिपेट विधानसभा क्षेत्र के थिरुकन्नूर के मतदान केंद्र पर कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के बीच हुई झड़प को शांत करने के लिए पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। मन्नादिपेट विधानसभा क्षेत्र में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच है। यहां गृह मंत्री ए. नमशिवायम की भिड़ंत कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष सेल्वम से हो रही है। थिरुकन्नूर के सरकारी उच्चतम माध्यमिक विद्यालय में बने मतदान केंद्र पर भाजपा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जमा हो गए। इसके बाद वहां पहुंचे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने उनकी मौजूदगी पर सवाल उठाया और तर्क दिया कि मतदान केंद्र के अंदर केवल मतदाताओं को ही मौजूद रहने की अनुमति है। इसके बाद दोनों गुटों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में एक हिंसक झड़प में बदल गई। पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा और दोनों गुटों को वहां से खदेड़ने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

## असम में वोटिंग के कुछ घटे पहले ही खेला

### - कांग्रेस कैंडिडेट ने छोड़ी पार्टी, बोले- मैं उम्मीदवार नहीं

(एजेंसी) गुवाहाटी। असम समेत तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो गई है। इस बीच कांग्रेस को असम में करारा झटका लगा है।



वोटिंग शुरू होने से कुछ घंटे पहले ही उदलगुरी सीट से उसके उम्मीदवार सुरेन दायमारी ने नाम वापस ले लिया है। इसके अलावा पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने मीडिया के सामने इसका ऐलान किया और कहा कि मैं कांग्रेस छोड़ रहा हूं। इसके अलावा उम्मीदवारी भी वापस ले रहा हूं। एक वरिष्ठ चुनाव अधिकारी का कहना है कि भले ही सुरेन दायमार ने अपना नाम वापस ले लिया है, लेकिन ईवीएम में उनका नाम बना रहेगा। अब भी मतदाता उन्हें वोट कर सकेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि नाम वापस लेने की तारीख निकल चुकी थी और वोटिंग से कुछ घंटे पहले ही उन्होंने उम्मीदवारी वापस ली थी। ऐसे में उनका नाम ईवीएम से हटाया नहीं जा सकता। वहीं इस मामले में कांग्रेस की किरकिरी हो रही है और सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के उस दावे की भी चर्चा हो रही है, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस के आधे कैंडिडेट तो मैं ही तय करूंगा। अब जबकि कांग्रेस कैंडिडेट ने पार्टी ही छोड़ दी है तो इस पर सवाल उठ रहे हैं। सुरेन दायमारी को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उन्होंने मीडिया के सामने ही इसका ऐलान किया है। इस संबंध में पार्टी को कोई इस्तीफा नहीं भेजा है। वहीं सुरेन दायमारी ने कहा, कांग्रेस में रहने का कोई फायदा नहीं है। उसने मेरे साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस सिर्फ मियाओं के लिए काम करती है। लेकिन इस पार्टी ने कभी मेरे जैसे जनजातीय लोगों को अधिकार नहीं दिए। उनके लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने मुझे उदलगुरी सीट से चुनाव में तो उतार दिया, लेकिन प्रचार में कोई सपोर्ट नहीं किया। दायमारी ने कहा, 'मैंने पार्टी लीडर से कई बार मांग की कि मेरे यहां प्रचार करने आएं। लेकिन उन लोगों ने मेरा कॉल ही रिसीव नहीं किया। मुझे इस बात से दुख हुआ क्योंकि मेरी किसी ने मदद नहीं की। जिला कांग्रेस कमेटी ने भी साथ नहीं दिया।' सुरेन दायमारी 73 वर्षीय नेता हैं, जो पूर्व में सरकारी कर्मचारी रहे हैं। दायमारी ने इसी साल जनवरी में कांग्रेस जॉइन की थी। उनका कहना है कि उदलगुरी सीट पर कांग्रेस सालों से कमजोर है। इसके बाद भी मैंने यहां पार्टी को मजबूत करने का प्रयास किया। फिर भी मुझे कोई समर्थन नहीं मिला। यही नहीं उन्होने कहा कि मैंने तो टिकट मांगा ही नहीं था। उन्होंने कहा कि इस पार्टी ने मेरा कभी साथ नहीं दिया। इसलिए मैं पार्टी छोड़ रहा हूं और उम्मीदवार भी नहीं रहूंगा। बता दें कि इस सीट पर भाजपा मुकाबले में नहीं है। कांग्रेस की टक्कर बोडोलैंड पीपल्स फ्रंट और यूनाइटेड पीपल्स पार्टी से है।

## बुनकरों की आय में वृद्धि, सम्मान, आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता : योगी आदित्यनाथ

(एजेंसी) लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को



कहा कि बुनकरों की आय में वृद्धि, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने इस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए समन्वित और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। राज्य सरकार द्वारा जारी बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने बृहस्पतिवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संरक्षक ही नहीं हैं बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था के एक मजबूत स्तंभ भी हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। आदित्यनाथ ने अधिकारियों को बुनकर–बहुल क्षेत्रों की पहचान कर संकुल आधारित नई विकास योजना तैयार करने और उसमें उत्पादन, गुणवत्ता तथा विपणन को एकीकृत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इनको केवल उत्पादन तक सीमित रखने के बजाय डिजाइन, ब्रांडिंग, पैकेजिंग और बाजार तक पहुंच को शामिल करते हुए समन्वित तंत्र विकसित किया जाना चाहिए। अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में करीब 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। वर्ष 2024–25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रुपये रहा जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान 109.40 करोड़ (लगभग 9.27 प्रतिशत) रहा। मुख्यमंत्री ने सामूहिक उत्पादन और विपणन को बढ़ावा देने के लिए बुनकरों को संकुल के भीतर पंजीकृत इकाइयों में संगठित करने पर जोर दिया। उन्होंने उत्पाद की गुणवत्ता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने के लिए उन्हें आधुनिक प्रौद्योगिकी, उन्नत उपकरणों और कौशल प्रशिक्षण से जोड़ने की भी आवश्यकता बताई। आदित्यनाथ ने बुनकरों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए डिजिटल मंचों, ई–कॉमर्स और ब्रांडिंग पहलों के विस्तार पर भी जोर दिया। विद्युतकरघा बुनकरों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने बिजली लागत कम करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए हथकरघा विभाग और विद्युत निगम को व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली खर्च कम करने और बुनकरों को दीर्घकालिक राहत देने के लिए सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की भी वकालत की। बैठक में एमएसएमई, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा और वस्त्र मंत्री राकेश सचान भी उपस्थित रहे।

## नीतीश कुमार 14 अप्रैल को देंगे सीएम पद से इस्तीफा

(एजेंसी) पटना बिहार सीएम नीतीश कुमार गुरुवार को दिल्ली जा रहे हैं। शुक्रवार को वे राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। इसके साथ चर्चा तेज हो गई है कि वे मुख्यमंत्री के पद से कब इस्तीफा देंगे और राज्य में एनडीए की नई सरकार कब तक आकार लेगी। इसकी संभावित तारीख लगभग फाइनल हो गई है। नई सरकार का नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी(बीजेपी) करेगी, इसकी घोषणा जदयू नेता विजय चौधरी कर चुके हैं। हालांकि, किसी चेहरे पर मुहर नहीं लगी है। कई नाम चर्चा में हैं लेकिन सामाजिक समीकरण का ताना बाना बरकरार रखने के मकसद से सबसे अधिक चर्चा सम्राट चौधरी के नाम की है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया जा रहा है कि नीतीश कुमार 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद विधिवत बन जाने के बाद भी बिहार सीएम की कुर्सी पर बने रहेंगे। 14 अप्रैल को नीतीश कुमार सीएम पद से स्वेच्छा से इस्तीफा दे देंगे। दिल्ली से लौटकर मंत्रिमंडल की बैठक होगी। 13 अप्रैल को कैबिनेट मीटिंग की चर्चा है जिसे नीतीश कैबिनेट की अंतिम बैठक माना जा रहा है। अगले दिन 14 अप्रैल को नीतीश कुमार राज्यपाल को त्यागपत्र सौंप देंगे। अगले दिन नई सरकार के नए



मुखिया शपथ लेंगे। नई सरकार की रूपरेखा अंतिम दौर में है। कहा जा रहा है कि अगली सरकार के गठन में नीतीश कुमार की इच्छा और योजना के अनुसार फैसला लिया जाएगा। दरसअसल एनडीए ने 25 से 30, फिर से नीतीश के नारे पर बहुमत लिया है। इसका रिफ्लेक्शन तब दिखा जब नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने की खबर सामने आई। होली में इस खबर के सामने लाया गया जब लोग रंग में डूबे थे। लेकिन अगले ही दिन पटना में जेडीयू ऑफिस के बाहर बवाल मच गया। इन वजहों से राज्यसभा के लिए शपथ और सीएम पद से त्याग के बीच गैप रखा गया है। लगातार संदेश दिया जा रहा है दिल्ली में रहकर भी बिहार की सरकार का नीतीश कुमार मार्गदर्शन करेंगे। उनकी नीतियों और योजनाओं के साथ कोई छेड़ छाड़ नहीं किया जाएगा। बिहार में शासन नीतीश मॉडल पर ही चलाया जाएगा। सरकार गठन में नीतीश कुमार की इच्छा के अनुरूप सामाजिक संतुलन को बरकार रखा जाएगा।

## सीओपी 33 में नई आम सहमति बनाने का दबाव पड़ता, इसलिए मेजबानी से अलग हुई सरकार : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि सरकार ने वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले संयुक्त राष्ट्र के वार्षिक जलवायु सम्मेलन कॉन्फ्रेंस ऑफ द पार्टीज (सीओपी33) की मेजबानी नहीं करने का फैसला किया क्योंकि इस सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत पर जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में एक नई आम सहमति बनाने के लिए अधिक दबाव पड़ सकता था, जिसमें भविष्य के लिए लक्ष्यों को बढ़ाना भी शामिल होता। भारत ने वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सीओपी33 की मेजबानी करने के अपने प्रस्ताव को वापस ले लिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2023 में दुबई में आयोजित सीओपी28 के दौरान भारत को सीओपी33 के मेजबान के रूप में प्रस्तावित किया था। आम तौर पर किसी भी सीओपी सम्मेलन का आयोजन स्थल दो वर्ष पहले तय किया जाता है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री मोदी के दो बयानों के वीडियो साझा करते हुए एक्स पर पोस्ट किया, एक दिसंबर



2023 को, प्रधानमंत्री ने दुबई में बड़ी घोषणा की थी कि भारत 2028 के अंत में भारत में वार्षिक संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी) की मेजबानी करेगा। स्पष्ट रूप से उनका इरादा 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले के महीनों में इस वैश्विक सभा का लाभ उठाने का था, जैसा कि नरेन्द्र मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले नयी दिल्ली में जी 20 शिखर सम्मेलन आयोजित करके किया था।ष उन्होंने कहा कि अप्रत्याशित रूप से बुधवार रात यह घोषणा की गई कि भारत सीओपी 2028 सम्मेलन की मेजबानी नहीं करेगा। रमेश ने दावा किया, ष्अचानक लिए गए इस फैसले का कोई कारण नहीं बताया गया है। लेकिन यह लघु और मध्यम अवधि में कार्बन उत्सर्जन संबंधी अधिक लक्ष्यों को प्राप्त करने की मोदी सरकार की सच्ची प्रतिबद्धता पर सवाल उठाता है। 2028 तक, आईपीसीसी (जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी समिति) की सातवीं मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित हो सकती है और यह 2028 सम्मेलन के अध्यक्ष के रूप में भारत पर एक नई आम सहमति बनाने के लिए अधिक दबाव डाल सकती थी जिसमें निस्संदेह, भविष्य के लिए महत्वाकांक्षाओं को बढ़ाना शामिल होगा। रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा, क्या हमें याद है कि प्रधानमंत्री ने कुछ साल पहले जलवायु परिवर्तन के बारे में अपने दृष्टिकोण पर बच्चों के एक समूह से क्या कहा था? उन्होंने टिप्पणी की थी कि श्लोग बदल गए हैं, जलवायु नहीं। अजीबोगरीब बात है।

## राहुल गांधी ने सीएपीएफ बिल को लेकर सरकार पर साधा निशाना

### कहा- हमारी सरकार आई तो न्याय होगा

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने संसद से हाल ही में पारित किए गए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) से संबंधित विधेयक का हवाला देते हुए वीरवार को कहा कि केंद्र में उनकी पार्टी की सरकार आते ही इस भेदभावपूर्ण व्यवस्था को



समाप्त कर सीएपीएफ जवानों को उनका पूरा अधिकार दिया जाएगा। उन्होंने सीआरपीएफ शौर्य दिवस के मौके पर एक संदेश में यह भी कहा कि यह जरूरी है कि सीएपीएफ बलों का नेतृत्व उसी सिस्टम से आने वाले लोग करें, जो उनकी चुनौतियों और जरूरतों को सही मायनों में समझते हों। संसद ने वर्तमान बजट सत्र में पिछले सप्ताह केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सामान्य प्रशासन) विधेयक, 2026 को मंजूरी दी थी। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने इस विधेयक के संबंध में विपक्ष की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा था कि यह सीएपीएफ के किसी भी वर्ग के अहित में नहीं है और यह बलों को अधिक सशक्त बनाने में सहायक होगा। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने राहुल गांधी ने वीरवार को एक्स पर पोस्ट किया, सीआरपीएफ शौर्य दिवस पर इस बल के हमारे साहसी और वीर जवानों को हार्दिक बधाई और सादर नमन। आपका साहस और बलिदान हर दिन हमारे देश की रक्षा करता है। आप सीमाओं पर तैनात रहकर देश को सुरक्षित रखते हैं, आतंकवाद और नक्सलवाद से लोहा लेते हैं, और लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव, चुनावों को शांतिपूर्ण और सुरक्षित बनाते हैं। उन्होंने कहा, सच्ची श्रद्धांजलि केवल शब्दों से नहीं होती। वर्षों के त्याग, तपस्या और सेवा के बावजूद सीएपीएफ जवानों को न तो समय पर पदोन्नति मिलती है, न ही अपने ही बल का नेतृत्व करने का अधिकार, क्योंकि शीर्ष पद बल से बाहर के लोगों के लिए आरक्षित हैं। उनका कहना है कि सीएपीएफ के जवान विशेष प्रशिक्षण, जमीनी अनुभव और गहरी रणनीतिक समझ रखते हैं, इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के नजरिए से भी यह जरूरी है कि इन बलों का नेतृत्व उसी सिस्टम से आने वाले लोग करें, जो उनकी चुनौतियों और जरूरतों को सही मायनों में समझते हों। राहुल गांधी ने कहा, नेतृत्व के अवसरों से वंचित रखने से लेकर वेतन, कल्याण और सम्मान से जुड़े, लंबे समय से लंबित मुद्दों तक – यह संस्थागत अन्याय उन जवानों के मनोबल को ठेस पहुंचाता है, जो अपना जीवन देश की सुरक्षा में समर्पित कर देते हैं। यह सिर्फ करियर का सवाल नहीं, बल्कि न्याय और सम्मान का मुद्दा है। मैं और कांग्रेस पार्टी आपका पूरा आदर और आपसे मोहब्बत करते हैं और मानते हैं कि अपने बल में आपकी तरक्की, शीर्ष नेतृत्व और सम्मान आपका हक है – हमारी सरकार आते ही इस भेदभावपूर्ण व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा और सीएपीएफ जवानों को उनका पूरा अधिकार दिया जाएगा। देश आप वीरों का ऋणी है, अब समय है कि आपके साथ न्याय हो।

# सम्पादकीय

## ईसीआई पर अखिलेश यादव का तीखा तंज़

तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओब्रायन के ''गेट लॉस्ट'' वाले दावे पर अब चुनाव आयोग का जवाब आया है। मै नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि चुनाव आयोग से मिलने पहुंचे टीएमसी नेताओं का आरोप था कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने उन्हें महज 7 मिनट में ''गेट लॉस्ट'' कहकर बाहर जाने को कहा था। चुनाव आयोग ने कहा कि डेरेक ओ ब्रायन ने ही ऊंची आवाज में बात की थी। वहीं दूसरी ओर टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने कहा उन्होंने आयोग को ममता बनर्जी की ओर से लिखा गया पत्र दिखाया और 6 ऐसे उदाहरण दिए, जिनसे यह साबित होता है कि चुनाव आयोग के कुछ अधिकारी भाजपा के साथ मिले हुए हैं।


नफीस जाफरी

प्रतिनिधिमंडल ने पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की भाजपा नेताओं के साथ तस्वीरें भी आयोग को दिखाईं और सवाल उठाया कि इन अधिकारियों का तबादला क्यों नहीं किया जा रहा? टीएमसी नेताओं के अनुसार, इसी पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने यहां से निकल जाओ कहकर बाहर कर दिया। जबकि बैठक में मौजूद अन्य दोनों चुनाव आयुक्तों ने कुछ नहीं कहा। पार्टी ने चुनाव आयोग को चुनौती दी है कि वह इस बैठक की सीसीटीवी फुटेज जारी करे.। टीएमसी के पूर्व सांसद साकेत गोखले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आयोग की तरफ से सूत्रों के हवाले से जो खबर चलवा रहा है वह पूरी तरह से झूठ है कि ऐसी कोई बात नहीं हुई। उन्होंने दावा किया कि वह खुद बैठक में मौजूद थे और मुख्य चुनाव आयुक्त ने सिर्फ ''गेट लॉस्ट'' कहा। उन्होंने चुनाव आयोग से बैठक का ट्रांसक्रिप्ट जारी करने की मांग की है, अन्यथा टीएमसी खुद इसे सार्वजनिक करेगी। बहरहाल, इस पूरे मामले पर समाजवादी पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट लिखकर एक संवैधानिक संस्था को "एथिकली करप्ट इंस्टिट्यूट बताया है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट में अखिलेश यादव ने लिखा, बस ईसीआई रहित कर दें, बाकी सब अपने आप हो जाएगा। ये कटाक्ष कर अखिलेश यादव ने हैशटैग लगाकर इस संस्था को "एथिकली करप्ट इंस्टिट्यूट" बताने का अभियान शुरू करने की भी कोशिश की है। दरअसल अखिलेश यादव ने ये कटाक्ष चुनाव आयोग पर किया है. इलेक्शन कमीशन की शॉर्ट फॉर्म ईसीआई है। इसी ईसीआई को अखिलेश यादव ने "एथिकली करप्ट इंस्टिट्यूट" बताया है। ये पोस्ट चुनाव आयोग के बंगाल चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को दिए जवाब को लेकर किया गया है। दरअसल चुनाव आयोग ने एक पोस्ट में तृणमूल कांग्रेस को जवाब दिया है। इस पोस्ट में लिखा है, "चुनाव आयोग की तृणमूल कांग्रेस को दो टूक. पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव– भय रहित, हिंसा रहित, धमकी रहित, प्रलोभन रहित, छापा रहित, बूथ एवं सोर्स जामिंग रहित होकर ही रहेंगे। इस पोस्ट में चुनाव अधिकारियों की तस्वीर भी लगाई गई है। दरअसल पश्चिम बंगाल चुनाव को लेकर तृणमूल कांग्रेस चुनाव आयोग को लगातार घेर रही है. एसआईआर और चुनाव प्रबंधन में धांधली का सीधा आरोप चुनाव आयोग पर लगाया जा रहा है। चुनाव आयोग पर भाजपा से मिलीभगत का आरोप भी लगाया जा रहा है। इन्हीं आरोपों को लेकर चुनाव आयोग ने ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी को जवाब दिया है। वहीं अखिलेश यादव भी लंबे समय से चुनाव आयोग को निशाने पर लेकर आरोप लगाते रहे हैं। यूपी में भी एसआईआर को लेकर सपा ने चुनाव आयोग पर गड़बड़ी करने का आरोप मढ़ा था। अखिलेश बार–बार ईवीएम की जगह बैलट से चुनाव कराने की मांग करते रहे हैं। बंगाल विधानसभा चुनाव में सपा टीएमसी को खुलकर समर्थन दे रही है। यही वजह है कि चुनाव आयोग के टीएमसी को दिए जवाब पर अखिलेश यादव आग बबूला दिखई दे रहे हैं।

# वर्ल्ड ऑर्डर में आया एक बड़ा बदलाव!


गुलफिशा खान

ईरान से जारी सीजफायर के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर बड़ा बयान दिया है। ट्रंप ने कहा कि जिन भी देशों ने ईरान को हथियार देकर उसकी मदद की, हम उनपर 50 फीसदी टैरिफ लगा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान से सीजफायर होने के बाद अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ये बाते कही। उन्होंने इस पोस्ट में लिखा कि संयुक्त राज्य अमेरिका ईरान के साथ मिलकर काम करेगा, जिसके बारे में हमने यह तय किया है कि वह एक बहुत ही फ़ायदेमंद शासन परिवर्तन से गुज़रा है! अब यूरेनियम का संवर्धन नहीं होगा, और संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान के साथ मिलकर, ज़मीन में दबी हुई (बी–2 बॉम्बर्स) सारी परमाणु धूल को खोदकर निकाल देगा। यह अभी भी, और पहले भी, बहुत ही कड़ी सैटेलाइट निगरानी के तहत रहा है. हमले की तारीख से लेकर अब तक किसी भी चीज़ को छुआ नहीं गया है। बहरहाल, वहीं दूसरी ओर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बीते 40 दिनों से चल रहे अमेरिका–ईरान टकराव के बीच सीजफायर की खबर के बाद यह तो साफ महसूस होता है कि इससे वर्ल्ड ऑर्डर में एक बड़ा बदलाव आया है क्योंकि जिस ईरान को ऑपरेशन एपिक यूरी से अमेरिका और इजरायल मिल कर पूरी तरह झुकाने चले थे, उसने अमेरिकी ताकत की पोल खोल कर रख दी। 28 फरवरी को अयातुल्लाह अली खामेनेई को मारने के साथ इस युद्ध की शुरुआत शक्तिशाली हमले के रूप में भले ही हुई और दिखी भी, पर ईरान ने सत्ता हस्तांतरण से दिखाया कि वो इस हमले से हिला जरूर पर पूरी तरह विचलित नहीं हुआ। फिर लगातार हमलों के बावजूद आत्मसमर्पण नहीं करने और अमेरिका के दो–दो बार सीजफायर की एकतरफा घोषणा करने के बाद तो यह एक तरह से ईरान की मजबूती को ही दर्शाता है। इजरायली शहरों, खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों और सऊदी अरब, यूएई , कुवैत और बहरीन में एनर्जी के अहम ढांचों को निशाना बना कर किए





गए मिसाइल और ड्रोन हमलों ने ईरान की क्षमता और इरादे दोनों के संकेत दिए और साथ ही यह भी बताया कि अमेरिका और इजरायल भले ही युद्ध भूमि पर मजबूत दिखते हों लेकिन ईरान जैसे देश भी उनकी कमर को निशाना बनाने में कामयाब हो गया जो मिलिट्री ताकत के तौर पर पहचान नहीं रखता है। तो इन 40 दिनों में वर्ल्ड ऑर्डर को लेकर जो बदलाव देखने को मिला वो कमोबेश यह है कि जहां अमेरिका और इजरायल जैसे ताकतवर देश मिलकर भी ईरान जैसे बतौर मिलिट्री ताकत की पहचान नहीं रखने वाले ईरान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर नहीं कर सके। वहीं अमेरिका का ब्रिटेन और जर्मनी जैसे देशों ने साथ दिया तो ईरान, चीन और रूस के साथ एक धुरी पर दिखा। ईरान के हमले करने के बावजूद अरब देशों ने उस पर सीधा हमला नहीं किया और न ही खुल कर अमेरिका–इजरायल का साथ दिया. मतलब, वो इन 40 दिनों के दरम्यान कूटनीतिक संतुलन बनाते दिखे।

डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और ईरान के बीच दो हते के संघर्ष–विराम में मध्यस्थता करने में अहम भूमिका निभाने के लिए चीन और उसके राष्ट्रपति शी जिनपिंग का शुक्रिया अदा किया। भले ही ट्रंप ने इस समझौते को अमेरिका के लिए एक मुकम्मल जीत बताया पर ईरान को बातचीत की मेज तक लाने में चीन का प्रभाव निर्णायक रहा। ऐसे में जीत किसकी हुई? इन 40 दिनों के दौरान जो सबसे दिलचस्प तस्वीर सामने आई वो यह कतई नहीं थी कि कौन किसके साथ खड़ा है बल्कि असली कहानी तो यह है कि कौन इससे सबसे अधिक राहत महसूस कर रहा है। कोई खुल कर थैंक्यू नहीं बोल रहा पर इस सीजफायर के फायदे उठाने वाले देशों की लंबी लिस्ट है। और यह साइलेंट थैंक्यू कूटनीति के शब्दों से नहीं बल्कि उन देशों में हो रही प्रतिक्रियाओं में दिख रही है। ये साइलेंट थैंक्यू बोलने वालों में एशियाई, यूरोपीय, सहयोगी, विरोधी सभी तरह के देश शामिल हैं। 28 फरवरी को जब ये युद्ध शुरू हुआ था तब से दुनिया भर के देशों की इंडस्ट्री की लागत बढ़ती गई। इसने सीधे तौर पर आम जनता को प्रभावित किया या नहीं पर सरकारों के राजस्व पर बड़ी चोट पहुंची। सबसे अधिक असर एशियाई देशों पर पड़ा। इनमें भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे वो देश हैं जिनकी खाड़ी के तेल पर भारी निर्भरता है। यहां महंगाई बढ़ी, करेंसी पर दबाव आया, उद्योगों पर लागत बढ़ी और शेयर मार्केट तेजी से नीचे आए। इन देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ गया। इसी वजह से एशियाई देशों ने तेजी से अपने विकल्प तलाशने शुरू किए। हर लागत तेजी से बढ़ते जा रहे थे इसी बीच मंगलवार को सीजफायर और हॉर्मुज खुलने के एलान से इन सभी देशों को राहत मिली. तेल की कीमतों में गिरावट आई और सप्लाई चेन को लेकर डर कम हुआ। हालांकि अभी हॉर्मुज से चलने और इन देशों तक रसद, तेल पहुंचने में कुछ वक्त जरूर लगेगा पर यह निश्चिंतता आई कि बाजार में स्थिरता लौटेगी। यानी सभी ने राहत महसूस की, भले ही इन्होंने थैंक्यू नहीं कहा पर उनके हर कदम में राहत साफ दिखी।

# सीज़ फ़ायर को लेकर ट्रंप थे दबाव में!


फरीद वारसी

ईरान और अमेरिका के बीच चल रही जंग में सीजफायर के ऐलान पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा है कि ईरान में कुछ लोगों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है और सही बातें कही हैं। इस सीजफायर को श्नाजुकश करार देते हुए कहा कि यह समझौता फिलहाल केवल शुरुआती चरण में है और इसकी स्थिरता अनिश्चित बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यह सीजफायर सिर्फ 8 से 12 घंटे पुराना है, इसलिए इसे नाजुक ही कहा जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान के कुछ लोग सीजफायर के समझौते के बारे में झूठ बोल रहे हैं। वेंस ने चेतावनी देते हुए कहा कि यह एक नाजुक समझौता है। अगर ईरान के लोग झूठ बोलेंगे तो उन्हें इसका अच्छा नतीजा देखने को नहीं मिलेगा। जेडी वेंस ने चेतावनी दी कि ईरान के नेतृत्व के भीतर मतभेद इस समझौते को जटिल बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईरानी सिस्टम के भीतर सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो युद्ध और सीजफायर पर सरासर झूठ बोल रहे हैं। वे समझौते की प्र.ति और सीजफायर पर झूठ बोल रहे हैं। वेंस ने कहा, मैं कहना चाहता हूं कि यह एक नाजुक समझौता है। कुछ लोग ऐसे हैं जो स्पष्ट रूप से बातचीत की मेज पर आना चाहते हैं और एक अच्छा सौदा करने के लिए हमारे साथ काम करना चाहते हैं। वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं जो उस नाजुक समझौते के बारे में भी झूठ बोल रहे हैं, जो हमने पहले ही कर लिया है। अमेरिका और ईरान दो हते युद्ध रोकने के लिए सहमत हो गए हैं। इस युद्ध विराम पर इजरायल भी सहमत है। युद्ध रोकने के लिए पाकिस्तान ने मध्यस्थ की भूमिका निभाई। वहीं दूसरी ओर इस युद्ध विराम समझौते को दोनों पक्ष अपनी–अपनी जीत बता रहे हैं। यह युद्ध विराम समझौता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से दी गई 48 घंटे की समय सीमा खत्म होने से ठीक पहले हुआं ऐसे में यह समझौता राष्ट्रपति ट्रंप के लिए भी राहत लेकर आया हैं वो इस युद्ध को लेकर चौतरफा आलोचनाओं का सामना कर रहे थें। 28 फरवरी से शुरू हुए इस युद्ध का प्रमुख बिंदु होर्मुज जलडमरूमध्य था। इस समुद्री रास्ते को ईरान ने बंद कर दिया था। इससे दुनिया के एक बड़े हिस्से को तेल की आपूर्ती रुक गई थी। राष्ट्रपति ट्रंप इस रास्ते को खुलवाने के लिए ही ईरान को धमकी दे रहे थे। लेकिन ईरान उनकी धमकी की परवाह नहीं कर रहा था। ऐसे में होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाए बिना युद्ध से निकलना डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका के लिए हार होती।इसलिए समझौते में ईरान जब होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने के लिए राजी हो गया तो ट्रंप ने इस समझौते को मानने में ही भलाई समझी। दरअसल ट्रंप तीन तरफा दुविधा में फंसे हुए थे। पहला यह कि वो अमेरिका फर्स्ट का वादा कर चुनाव जीते हैं, इसमें उन्होंने विदेशी युद्ध में न फंसने और जारी युद्धों को खत्म करने का वादा किया था, दूसरी तरफ युद्ध की वजह से अमेरिका को हो रहे भारी आर्थिक नुकसान और घरेलू अर्थव्यवस्था पर पड़े रहे दवाब की चिंता थी तो तीसरी तरफ वो इस युद्ध में बड़ी जीत हासिल करना चाहते थे। इस युद्ध में बड़ी जीत हासिल करने की ट्रंप की इच्छा पूरी नहीं हुई। ईरान में न तो सत्ता परिवर्तन हुआ और न ही ईरान झुका। अमेरिका यह युद्ध ऐसे समय लड़ रहा था, जब ईसी साल वहां मिड टर्म इलेक्शन होना है। इस चुनाव ने भी ट्रंप के लिए दबाव का काम किया। अमेरिका में हो रहे चुनाव पूर्व सर्वे में राष्ट्रपति ट्रंप की लोकप्रियता में लगातार गिरावट आ रही है। अमेरिकी लोग भी इस



युद्ध के समर्थन में नहीं हैं। सर्वे के मुताबिक केवल 25 फीसदी अमेरिकी ही इस युद्ध के समर्थन में हैं। अमेरिका में बढ़ती पेट्रोल कीमतें और आर्थिक दबाव भी राष्ट्रपति ट्रंप के लिए चिंता का सबब बने हुए थे। युद्ध शुरू होने के अगले ही दिन ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया। उसके नौसैनिकों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की कोशिश कर रहे कुछ जहाजों को निशाना बनाया। इसके बाद से ही डोनाल्ड ट्रंप ने जापान, दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया और नैटो के सदस्य देशों से अपने युद्ध पोत होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने के लिए भेजने की अपील की। यहां तक कि उन्होंने इसके लिए चीन तक से मदद मांग ली। लेकिन कोई भी देश इसके लिए सहमत नहीं हुआ। इससे ट्रंप काफी आहत हुए। उन्होंने नैटो को कागजी शेर और अवसरवादी तक बता डाला। दरअसल ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद संभालने के बाद से ही यूरोप के साथ उनके संबंध अच्छे नहीं चल रहे हैं। वो यूरोप के नेताओं की आलोचलना करते रहे हैं। इसके साथ ही वो ग्रीनलैंड पर कब्जा भी करना चाहते हैं। उनकी इस सोच से यूरोप और नैटो के सदस्य देश खुश नहीं हैं। ट्रंप ने यह बात अभी मंगलवार को भी कही. उन्होंने कहा,यह सब शुरू हुआ, अगर आप सच जानना चाहते हैं तो ग्रीनलैंड से. हम ग्रीनलैंड चाहते हैं। वे इसे हमें देना नहीं चाहते।और मैंने कहा, अलविदा। राष्ट्रपति ट्रंप ने यूरोप, नैटो और एशिया में अपने साझीदार देशों की आलोचना तो की लेकिन खाड़ी के देशों सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात की तारीफ भी की, जिन्होंने उनका समर्थन किया। खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के ये वो देश हैं, जिन पर ईरान ने हजारों ड्रोन और मिसाइलें दागी हैं। ईरान ने इन देशों के ऊर्जा प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाया। ईरान ने युद्ध के शुरुआत में ही कह दिया था कि वो इस क्षेत्र में अमेरिकी ठिकानों को निशाना बनाएगा। इसके साथ ही उसने हवाई अड्डे, होटल, रिहायशी इलाकों जैसे नागरिक ठिकानों पर भी हमले किए। इससे अमेरिका को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इसके बाद भी खाड़ी के ये देश ईरान के खिलाफ युद्ध लड़ने को तैयार नहीं हुए। हालांकि सऊदी अरब जैसे कुछ देशों ने ईरान पर जवाबी हमले की बात की, लेकिन यह जुबानी जमाखर्च से अधिक कुछ नहीं था। ये देश ईरान के खिलाफ युद्ध में नहीं उतरे इसका एक कारण यह था कि उनकी सैन्य ताकत ईरान के सामने नगण्य थी और दूसरी यह कि अमेरिका ने इन देशों की सुरक्षा गारंटी ले रखी थी। लेकिन वह उनकी सुरक्षा कर पाने में नाकाम रहा। इस वजह से अमेरिका पर खाड़ी के देशों से भी इस युद्ध को खत्म करवाने का दबाव था। क्योंकि खाड़ी के देशों को इस युद्ध में भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

# युद्ध के संबंध में तमाम वर्जनाएं टूट रही

जैसे आज राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत देशों ने ताक पर रख दिया है, वैसे ही युद्ध संबंधी तमाम वर्जनाएं टूट रही हैं। यह सभ्यता की ओर मानव समाज की आगे बढ़ी यात्रा की दिशा का पलट जाना है। अमेरिका और इजराइल ने बिना विकिरण जैसे परिणामों की चिंता किए ईरान के परमाणु ठिकाने नांतेज पर बमबारी की। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल के परमाणु स्थल डिमोना पर मिसाइलें दागीं। दोनों हमलों में काफी नुकसान होने की खबरें हैं। इसके बाद डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के बिजली ग्रिड को तबाह करने की धमकी दी, तो जवाब में ईरान ने कहा कि ऐसा होने पर वह इजराइल और खाड़ी देशों में ना सिर्फ बिजली, बल्कि जल स्वच्छ करने के संयंत्रों पर भी निशाना साधेगा। इससे भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति सांकेतिक भाषा में जो कहा, उसका यही अर्थ समझा गया है कि उन्होंने ईरान पर परमाणु बम गिराने की धमकी दी है। दूसरे विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम से हुई तबाही देखने के बाद दुनिया में धारणा बनी थी कि मानव विवेक आगे कभी ऐसा नहीं होने देगा। वैसे, उस महायुद्ध के बाद दुनिया में युद्ध संबंधी नियम– कायदे भी बने। उनके मुताबिक नागरिक स्थलों, बिजली–पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं, स्कूल– अस्पताल आदि जैसी जगहों को सैन्य हमलों से दूर रखने पर सहमति बनी। मगर, आज ये सारी बातें जमींदोज हो गई लगती हैं। ईरान पर हमलों की शुरुआत होते ही अमेरिका– इजराइल ने मिनाब में छोटी बच्चियों के स्कूल पर हमला किया। उसके बाद से नागरिक स्थलों, अस्पतालों, ऊर्जा स्थलों एवं जल स्वच्छता केंद्रों पर निशाने साधे गए हैं। ईरान ने भी उनका जवाब उसी अंदाज में दिया है। और ये सिलसिला बढ़ते– बढ़ते अब परमाणु हमले की चर्चा तक पहुंच गया है। इस क्रम में ये कयास भी लगाए गए हैं कि ईरान ने खुद अपनी तैयारी से या किसी अन्य स्रोत से व्यापक विनाश के अस्त्र जुटाए हुए हैं, जिनका इस्तेमाल वह आगे चल कर सकता है। ये बातें यही बताती हैं कि जैसे आज राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत देशों ने ताक पर रख दिया है, वैसे ही युद्ध के संबंध में तमाम वर्जनाएं टूट रही हैं। यह सभ्यता की ओर मानव समाज की आगे बढ़ी यात्रा की दिशा का पलट जाना है। आधुनिक युग में ऐसा होगा, पहले ये सोचना असंभव था!

# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें

नरेंद्र मोदी

21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगीहै। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ–साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख–समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं। इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं–बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं–बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है। लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार–बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे न सिर्फ दशकों पुराना संकल्प पूरा होगा, बल्कि विकास की गति को बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, एक दल या एक व्यक्ति का विषय नहीं है। यह पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इस कदम के महत्व को समझना है और मिलकर ही इसे साकार करना है। यही हमारी नारी शक्ति के प्रति हमारा दायित्व भी है, इसलिए महिला आरक्षण बिल को पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें यह याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे आने वाली पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं। ये हमें याद दिलाते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और अधिक समावेशी बनाने की क्षमता में होती है। संसद का यह ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से हमारी नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। हम जिम्मेदारी और दृढ़ संकल्प के साथ इस दायित्व को पूरा करें। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

लेखक देश के प्रधानमंत्री है।

# ई-लश्टरी के माध्यम से 13 देसी व विदेशी मदिरा की दुकानों का हुआ आवंटन

## - 20 दुकानों के सापेक्ष कुल 13 दुकानों के आवंटन हेतु आए आवेदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जनपद में कुल विज्ञापित 20 दुकानों के सापेक्ष 13 दुकानों का आवंटन ई लॉटरी के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। जिसमे 4 देसी शराब एवं 09 कंपोजिट शॉप की दुकान थी। विज्ञापित 20 दुकानों के सापेक्ष 07 दुकानों हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुए थे। 4 देसी शराब की दुकानों में 1 नई एवं 3 पुरानी दुकान थी। ई लॉटरी के माध्यम से आवंटित दुकाने हलधरपुर ओम प्रकाश यादव, गुलौरी फौजदार, हनुमानगंज संगीता सोनकर, राजू चौक नुरुल्लापुर शशिविंद सिंह के नाम से आवंटित हुआ। इसके अलावा कंपोजिट दुकानों हेतु ई लॉटरी के माध्यम से आवंटन किए गए जिनमें भुजई मोड आकांक्षा सिंह, बड़ागांव आशा जायसवाल, ख्वाजाजहांपुर युधिष्ठिर राय, शहरोज शकुन्तला देवी, वलीदपुर वीरेन्द्र सिंह, उमटी बाजार फूलमती देवी, भिखारीपुर अशोक कुमार यादव, प्यारपुर बब्बन राजभर, सेहबारपुर शोभा देवी के नाम आवंटित हुआ। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि देसी शराब एवं कंपोजिट शॉप के कुल 13 दुकानों हेतु 462 आवेदकों के माध्यम से 640 आवेदन पत्र प्राप्त हुए थे इसके पूर्व कुल 20 दुकानों हेतु नियमानुसार विज्ञापन प्रकाशित कराया गया था जिसमें 7 दुकानों हेतु कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुए। इस दौरान जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, जनपद हेतु नामित नोडल अधिकारी आबकारी आयुक्त/जिला आबकारी अधिकारी मोहम्मद असलम, सीओ सिटी .ष राजपूत, समस्त आबकारी निरीक्षक एवं समस्त आवेदनकर्ता उपस्थित रहे।

# किराए के भवन की आवश्यकता

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। जिला प्रवेश अधिकारी श्वेता त्रिपाठी ने बताया कि राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण के सुगम संचालन हेतु किराये पर भवन लिये जाने के निर्देश दिये गये है। उक्त के क्रम में विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण (0–6 वर्ष तक की आयु के 10 बच्चों हेतु) प्रति यूनिट के सुगम संचालन हेतु किराये पर भवन लिये जाने वाले भवन का क्षेत्रफल लगभग 1200 वर्ग फुट होना चाहिए न्यूनतम 03 कक्ष अथवा 02 हॉल एक स्नान घर एक सौचालय, एक किचेन तथा खुला स्थान शामिल होना चाहिए जिसमे यथासंभव भूतल को प्राथमिकता प्रदान किये जाने के निर्देश दिये गये है। जिला मुख्यालय के निकटतम भवन को वरीयता प्रदान की जायेगी। इच्छुक भवन स्वामी अपना प्रस्ताव मय दस्तावेज कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी कक्ष सख्या 45ए कलेक्ट्रेट कैम्पस में 03 कार्य दिवस के भीतर उपलब्ध करा सकते है। अधिक जानकारी हेतु मो०नं0 7518024038 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# मिशन शक्ति: मानवी मिश्रा बनी एक दिन की जिलाधिकारी

## - समस्याओं को गंभीरता से सुना व निस्तारण के दिए निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। शासन के निर्देशानुसार महिला सशक्तिकरण एवं बालिकाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5 द्वितीय चरण अभियान अंतर्गत जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में तथा जिला प्रोवेशन अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन मे आज कलेक्ट्रेट सभागार में एक दिन की जिलाधिकारी तथा हक की बात जिलाधिकारी के साथ कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर ग्राम व पोस्ट काठतरावं मर्यादपुर मधुबन की निवासरत बालिका देवरिया पब्लिक स्कूल की छात्रा मानवी मिश्रा को एक दिन के लिए जिलाधिकारी के रूप मे मनोनीत किया गया। छात्रा मानवी ने कलेक्ट्रेट सभागार मे जनसुनवाई करते हुए जनपद के विभिन्न नागरिकों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित विभागों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य बालिकाओं तथा महिलाओ में नेतृत्व, आत्मविश्वास और प्रशासनिक समझ विकसित करना था, जिससे वो भविष्य मे समाज सेवा और शासन–प्रशासन के कार्यों मे सक्रिय भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने मानवी मिश्रा को बधाई देते हुए कहा कि मिशन शक्ति अभियान का यह स्वरूप बालिकाओं को प्रेरित करता है कि वे बड़े सपने देखें और समाज के विकास में योगदान दें। छात्रा मानवी मिश्रा ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक दिन की जिलाधिकारी बनना उनके लिए गर्व और प्रेरणा का विषय है, उन्होंने कहा कि इस अनुभव से उन्हें यह समझ मिली की प्रशासनिक पद पर बैठकर जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान करना कितना जिम्मेदारी पूर्ण कार्य है। अंत मे जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र ने यह संदेश दिया कि मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रम आगे भी निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम मे जनपद की महिला पुलिस इंस्पेक्टर एवं कांस्टेबल तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग से आंगनवाड़ी कार्यकत्री बहनें एवं समस्त महिला कल्याण विभाग की टीम उपस्थित रहीं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत नौ मई को

न्यूज वाणी ब्यूरो

मऊ। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण साक्षी सिंह ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नौ मई को सुबह 10 बजे से 5 बजे तक दीवानी न्यायालय प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विहित विषय वस्तुओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ–साथ मध्यस्थता मामलों हेतु आरबिट्रेशन विशेष लोक अदालत एवं आवश्यकता अनुरुप सभी आपसी सुलह योग्य अपराधिक वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायें, धारा 138 पराकम्य लिखित अधिनियम, पारिवारिक/वैवाहिक मामले, दीवानी वाद, मेड़बन्दी, एवं दाखिल खारिज, पंजीयन/स्टाम्प वाद चकबन्दी वाद, धारा 446 दं०प्र०सं० से सम्बन्धित मामले, पब्लिक प्रीमाइसेज एक्ट सम्बन्धी मामले, उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रकरण, स्थानीय विधियों के अंतर्गत शमनीय वाद, भूमि आध्याप्ति वाद, बैंक वसूली सम्बन्धी वाद, किरायेदारी वाद, वन अधिनियम के अन्तर्गत चालान, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत चालान, मनोरंजन कर अधिनियम के अन्तर्गत चालान, बाट तथा माप (प्रचालन) अधिनियम के अन्तर्गत चालन, उ०प्र० दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अन्तर्गत चालान, चलचित्र अधिनियम के अन्तर्गत चालान, आबकारी अधिनियम संबंधी वाद, गैम्बलिंग एक्ट, नगर निगमध्नगर पालिका के अन्तर्गत चालान, विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चालान, अंतिम आख्या मोबाईल एवं केबल नेटवर्क संबंधित प्रकरण, प्रीलिटिगेशन प्रकरण, आर०टी०ओ० चालान, व अन्य, वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह–समझौते के आधार पर किया जायेगा।

# चराग-ए-इल्म की पहली रौशनी : गुजरात यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर नाजेमा अंसारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

गुजरात। गुजरात की सरजमीन, जो तहजीब व रिवायत की खुशबू से महकती रही है, आज एक नए बाब–ए–तारीख की अमीन बनी। इल्म के उफक पर एक ऐसा चराग रौशन हुआ जिसकी लौ में बरसों की मेहनत, कुर्बानी और ख्वाबों की ताबीर जगमगा रही थी। शहर अहमदाबाद की गुजरात यूनिवर्सिटी के वसीअ व अरीज अहाते में, गुजरात आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज के सदर–ए–शोबा–ए–उर्दू (एसोसिएट प्रोफेसर) डॉक्टर नाजेमा अंसारी की जेर–ए–निगरानी में वह यादगार लम्हा मयस्सर आया जिसका इंतजार मुद्दतों से था। डॉक्टर नाजेमा अंसारी साहिबा की सरपरस्ती में दो दानिशवर और मेहनती तलबा, कुरैशी और अहमद हसन ने अपनी इल्मी मुसाफत को कामयाबी से तय करते हुए पीएचडी का मकाला मुकम्मल किया और यूँ गुजरात में उर्दू की पहली पीएचडी का संग–ए–मील कायम हुआ। मुहम्मद यासीन कुरैशी ने अपने तहकीकी मकाले में नैयर मसऊद की शख्सियत और फन का अमीक मुतालआ पेश किया, जबकि अहमद हसन ने खलीलुर्रहमान आजमी के फिक्री और तनकीदी पहलुओं को अपनी तहकीक का महवर बनाया। दोनों स्कॉलर्स ने अपने वाइवा के दौरान निहायत एतिमाद और वकार के साथ अपने मकालों का खुलासा पेश किया और माहिरीन व असातिजा के सवालात के मदल्लल और शाइस्ता जवाबात देकर सबको मुतास्सिर किया। इस इल्मी नशिस्त में बेरूनी मुम्तहिन की हैसियत से डॉक्टर कीर्ति मालनी, जो अपने मैदान–ए–तहकीक में एक मोअतबर और साहिब–ए–बसीरत इल्मी शख्सियत हैं, अंबेडकर यूनिवर्सिटी औरंगाबाद से तशरीफ लाईं, जबकि डॉक्टर शकील अहमद, जो सेवा सदन महाविद्यालय बुरहानपुर



से वाबस्ता एक मुमताज उस्ताद और संजीदा मुहक्ककि हैं, बुरहानपुर से इस नशिस्त में शरीक हुए। दोनों मुअज्जज मेहमानों ने न सिर्फ तलबा की इल्मी काविशों को सराहा बल्कि अहमदाबाद की मेहमाननवाजी, इल्मी फिजा और तहजीबी रंग को भी दिल से खरिज–ए–तहसीन पेश किया। मजीद बरआँ, दोनों एक्सटर्नल एक्सपर्ट्स ने दोनों मकालों और वाइवा में पेश किए गए इल्मी मुकालमे को गैर मामूली तौर पर सराहते हुए निहायत वाजेह और पुरअसर अंदाज में इस बात का एलान किया कि उन्होंने थीसिस का बारीकी से मुतालआ करने के बाद यूनिवर्सिटी को तहरीरी तौर पर यह सनद दे दी है कि इन मकालात पर पीएचडी की डिग्री न सिर्फ दी जानी चाहिए बल्कि ये तहकीकात अपनी इल्मी गहराई, फिक्री पुख्तगी और अरकरेजी के सबब इशाअत के भी पूरी तरह मुस्तहक हैं, लिहाजा इन्हें शाया किया जाना चाहिए। उनके इस एलान और हौसला–अफजा कलिमात पर महफिल में मौजूद तमाम हाजिरीन ने पुरजोश तालियों के साथ इसकी ताईद की और अपनी दिली मुसर्रत व इतिखार का भरपूर इजहार किया, यूँ यह लम्हा इल्म व अदब की फिजा में एक यादगार गूंज बनकर सब्त हो गया। तकरीब में प्रोफेसर नूतन कोटक, जो भाषा साहित्य भवन की डायरेक्टर और शोबा–ए–उर्दू की सदर भी हैं, ने अपनी दुआओं और हौसला–अफजाई से इस महफिल को मजीद वकार बख्शा। दीगर असातिजा, मुख्तलिफ मजामीन के प्रोफेसरान और रिसर्च स्कॉलर्स भी इस तारीखी मौके के गवाह बने। इस मौके पर वली गुजराती या वली दकनी के हवाले से सादुल्लाह गुलशन का जिक्र भी हुआ, और यूँ अहमदाबाद, बुरहानपुर और औरंगाबाद के इल्मी रिश्तों को एक खूबसूरत लड़ी में पिरो दिया गया जैसे सब एक ही कश्ती के मुसाफिर हों और मंजिल हो उर्दू की खदिमत। यह वाइवा 4 मार्च 2026 बरोज पीर सुबह 11 बजे मुनअकदि हुआ.एक ऐसा दिन जो सिर्फ तारीख का हिस्सा नहीं बल्कि एक रौशन बाब बन गया।

प्रोफेसर नाजेमा अंसारी ने अपनी गुतगू में इस तवील जद्दोजहद का जिक्र किया जो इस ख्वाब को हकीकत बनाने में दरपेश रही। 2018 में दाखिला लेने वाले तलबा ने न सिर्फ तालीमी मुश्किलात बल्कि कोरोना जैसे सख्त दौर का भी सामना किया। कई साथी रास्ते में बिछड़ गए, मगर ये चंद चराग आँधियों में भी रौशन रहे और आखिरकार अपनी मंजिल पा ली। यह कामयाबी सिर्फ तलबा की नहीं बल्कि एक उस्ताद के ख्वाब की ताबीर भी है। एक ऐसा ख्वाब जिसके लिए कुर्बानियाँ दी गईं, अपनों से दूरी बर्दाश्त की गई, और मुसलसल मेहनत की गई। इसी जज्बे को डॉक्टर अल्लामा इकबाल ने अशआर में यूँ कहा हैरू ष्हजारों साल नरगिस अपनी बेनूरी पे रोती है बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा आज गुजरात में उर्दू का यह पहला चराग रौशन हुआ है, कल यही रौशनी एक काफिला बनेगी और आने वाली नस्लें इसी नूर में अपने ख्वाबों की ताबीर तलाश करेंगी।

# दस दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न, बाटे सर्टिफिकेट

न्यूज वाणी ब्यूरो

पलिया कलां, लखीमपुर खीरी। क्षेत्र के चंदन चौकी थारू जनजाति की गांव स्तर की उन तमाम महिलाओं को हस्तशिल्प कलां के क्षेत्र मेंआत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए लगातार सरकार और तमाम सारी समाज सेवी संस्थाएं व कंपनियां प्रयासरत हैं। आए दिन इस क्षेत्र में कोई ना कोई प्रशिक्षण कार्यक्रम होते रहते है और ऐसे ही एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन बृहस्पतिवार को हुआ और सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। बता देंकि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं को थारू पलिया महिला हस्तशिल्प प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा ग्राम चंदन चौकी मेंमहिलाओंको स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के लिए 28 मार्च से 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जिसका समापन बृहस्पतिवार को हुआ जिसके बाद प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरित किए गए। बातचीत में थारू पलिया महिला हस्तशिल्प प्रोड्यूसर कंपनी के सीईओ आशुतोष कुमार ने बताया कि मुख्य रूप से इस कंपनी का संचालन केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा की जा रही है वही तकनीकी सहयोग के लिए सरकार ने फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट ऑफ रूरल वैल्यू चैन (एफडीआरवीसी) को



रखा है जिसके द्वारा थारू महिला हस्तशिल्प प्रोड्यूसर कंपनी का निर्माण किया गया है। इस कंपनी का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार व स्वावलंबी बनाना, मौजूदा हस्तशिल्प को निखारना व उन्हें मौजूदा मार्केट के चलन के हिसाब से तैयार करना और हस्तशिल्प को एक बेहतर डिजाइन के साथ प्रस्तुत करना है। उन्होंने कहा अभी तक छेदीया पूरब और चंदन चौकी में कुल 105 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और हमारा प्रयास है क्या अभी आगे भी महिलाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाए। इस दौरान फाउंडेशन फॉर डेवलपमेंट ऑफ रूरल वैल्यू चैन (एफ0डी0आर0वी0सी) की कार्यक्रम अधिकारी मुस्कान जयसवाल, थारू पलिया महिला हस्तशिल्प प्रोड्यूसर कंपनी के स्पोक मैनेजर वीरू कुमार, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर कलिया देवी, रजनी देवी के साथ–साथ ग्राम चंदन चौकी की 56 महिलाएं मौजूद रही।

# 10 लाख की लागत से बनी गौशाला बनी सफेद हाथी

## - निर्माण के महीनों बाद भी सड़कों पर कूड़ा खाने को मजबूर गोवंश

## - नगर पंचायत खीरी की बड़ी लापरवाही आई सामने, सीडीओ से की गई शिकायत

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय देने के प्रशासनिक दावों की नगर पंचायत खीरी में पोल खुलती नजर आ रही है। यहां लगभग 10 लाख रुपये की लागत से बनी एक अस्थायी गौशाला निर्माण के महीनों बाद भी चालू नहीं हो सकी है। नतीजतन, बेसहारा पशु सड़कों पर भटकने, दुर्घटनाओं का शिकार होने और कूड़े के ढेरों से अपना निवाला तलाशने को मजबूर हैं। इस गंभीर लापरवाही को लेकर खीरी टाउन के खत्री टोला निवासी रोहित कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) और जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। सीडीओ को दिए गए पत्र में शिकायतकर्ता ने अवगत कराया है कि नगर पंचायत खीरी द्वारा निराश्रित पशुओं के लिए 8 जनवरी 2024 को इस अस्थायी गौशाला का निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। करीब 10 लाख रुपये की लागत से बनी यह गौशाला जुलाई 2024 में बनकर पूरी तरह तैयार हो गई थी लेकिन अत्यंत खेद का विषय है कि निर्माण पूर्ण होने के इतने महीने बाद भी आज तक नगर पंचायत प्रशासन इसका संचालन शुरू नहीं करवा सका है। संचालन में हो रही इस लेटलतीफी का खामियाजा बेजुबान जानवरों को उठाना पड़ रहा है। भोजन और आश्रय के अभाव में गोवंश पूरे कस्बे में इधर–उधर भटक रहे हैं। आए दिन ये पशु सड़क हादसों में घायल हो रहे हैं। हालात यह हैं कि नगर पंचायत द्वारा सड़कों के किनारे लगाए गए कूड़े के ढेरों पर गोवंश अपना पेट भरने के लिए पॉलीथिन व कूड़ा खाते नजर आते हैं। शिकायतकर्ता रोहित कुमार ने उच्चाधिकारियों से अपील की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए उक्त गौशाला का तत्काल स्थलीय निरीक्षण कराया जाए। साथ ही संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को सख्त दिशा–निर्देश जारी किए जाएं ताकि गौशाला का संचालन जल्द से जल्द शुरू हो सके और निराश्रित गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिल पाए। अब देखना यह है कि इस शिकायत के बाद प्रशासन कुंभकर्णी नींद से जागता है या गोवंश यूं ही सड़कों पर कूड़ा खाने को मजबूर रहेंगे।

# सरकारी योजनाओं का लाभ लेने हेतु किसान पहचान पत्र अनिवार्य : डीएम

## - फार्मर आईडी बनाने हेतु ग्राम पंचायतों में 15 अप्रैल तक चलाया जा रहा अभियान

## - फार्मर आईडी बनवाने हेतु जिलाधिकारी ने जनपद के .षकों से की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो


मऊ। शासन के निर्देशों के क्रम में जिला अधिकारी श्री प्रवीण मिश्र ने जनपद के समस्त .षकों को सूचित किया है कि अब सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसान पहचान पत्र (फार्मर आईडी) होना अनिवार्य कर दिया गया है। शासन की मंशा के अनुरूप, .षि क्षेत्र में पारदर्शिता लाने और वास्तविक लाभार्थियों तक सीधे लाभ पहुँचाने के लिए यह निर्णय लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि भारत सरकार की एग्रीस्टैक योजना के तहत जनपद में लगभग 75 प्रतिशत किसानों की आईडी तैयार की जा चुकी है। शेष बचे किसानों के पंजीकरण हेतु जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों में 6 से 15 अप्रैल 2026 तक विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्तें केवल उन्हीं .षकों को हस्तांतरित की जाएंगी, जिनका किसान पहचान पत्र जारी हो चुका है। इसके अलावा .षि विभाग द्वारा वितरित किए जाने वाले बीज, उर्वरक, कीटनाशी और अन्य निवेशों के चयन हेतु अब किसान आईडी ही मुख्य आधार होगी। सरकारी क्रय केंद्रों पर गेहूं धान, दलहन और सरसों की बिक्री करने से पूर्व किसानों के पहचान पत्र का सत्यापन अनिवार्य होगा। बिना आईडी के सरकारी खरीद संभव नहीं होगी। मई 2026 से पीओएस मशीनों के माध्यम से खाद वितरण की प्रक्रिया को भी एग्रीस्टैक पोर्टल से जोड़ दिया जाएगा, जिसके लिए फार्मर आईडी अनिवार्य होगा। जिन किसानों का किसान पहचान पत्र नहीं बना होगा वे इन सभी सरकारी सुविधाओं से वंचित हो जाएंगे। इसके अलावा 31 मई के बाद उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, सहकारिता और लघु सिंचाई जैसे सहयोगी विभागों की योजनाओं का लाभ भी इसी फार्मर आईडी के आधार पर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी .षकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने क्षेत्र के राजकीय .षि बीज भंडार, विकास खंड कार्यालय या ग्राम पंचायत में 15 अप्रैल तक आयोजित होने वाले कैंपों में संपर्क कर अपना पंजीकरण अवश्य सुनिश्चित कराएं, ताकि वे भविष्य में किसी भी सरकारी लाभ से वंचित न रहें।

# कपूर मार्केट के सामने निर्माणाधीन साइट फिर चर्चा में

## – शिकायत के बाद बढ़ी हलचल

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखनऊ। विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित कपूर मार्केट के सामने बन रही एक निर्माणाधीन साइट एक बार फिर चर्चाओं में आ गई है। बताया जा रहा है कि इस प्रोजेक्ट को लेकर पहले भी कई तरह के सवाल उठ चुके हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, पूर्व में इस निर्माण से जुड़े मामलों को लेकर विवाद सामने आने के बाद कुछ समय के लिए काम रुक गया था। हालांकि अब दोबारा निर्माण कार्य शुरू हो गया है।



बेसमेंट की खुदाई पूरी कर ली गई है और उस पर स्लैब भी डाली जा चुकी है। इसी बीच मामले ने नया मोड़ तब लिया, जब सआदतगंज निवासी मोहम्मद कामिल ने सीएम योगी आदित्यनाथ के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि संबंधित भूमि उनकी पुश्तैनी संपत्ति है और कथित रूप से धोखाधड़ी के जरिए उनके ही परिवार के एक सदस्य द्वारा बिल्डर से समझौता कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच होती है, तो इसमें पारिवारिक विवाद के साथ–साथ अवैध निर्माण और संभावित मिलीभगत जैसे पहलू भी उजागर हो सकते हैं। फिलहाल यह मामला इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। अब नजर इस बात पर है कि प्रशासन और संबंधित विभाग शिकायत के आधार पर क्या कार्रवाई करते हैं और क्या निर्माण कार्य पर रोक लगाई जाती है या नहीं।

# जूनियर से रैगिंग पड़ी भारी, 11 सीनियर छात्रों पर गिरी गाज

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में रैगिंग का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए 11 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। यह मामला तब उजागर हुआ जब एमबीबीएस प्रथम वर्ष के एक छात्र ने एंटी रैगिंग हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। सूत्रों के मुताबिक शिकायत मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन ने मामले की जांच कराई, जिसमें द्वितीय वर्ष के कुछ छात्रों की संलिप्तता पाई गई। जांच के आधार पर दोषी छात्रों को अलग–अलग स्तर की सजा दी गई है। एक छात्र को छह सप्ताह के लिए निलंबित करने के साथ 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि एक अन्य छात्र को चार सप्ताह के निलंबन और समान जुर्माने की सजा दी गई। इसके अलावा एक छात्र पर पांच हजार रुपये का जुर्माना और दो सप्ताह का निलंबन लगाया गया है। शेष आठ छात्रों को भी दो–दो सप्ताह के लिए निलंबित किया गया है। बताया जा रहा है कि घटना करीब एक माह पुरानी है, लेकिन शिकायत के बाद इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की गई। कॉलेज प्रशासन ने सभी संबंधित छात्रों के अभिभावकों को बुलाकर काउंसलिंग भी कराई, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों। प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि संस्थान में रैगिंग के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है और छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# अस्पताल में नौकरी का झांसा, लाखों की ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

स्योहारा, बिजनौर। दिल्ली के साइबर क्राइम थाना बदरपुर की टीम ने स्योहारा में बड़ी कार्रवाई करते हुए नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक दंपती को गिरतार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहल्ला मिल्कियान निवासी फिजा उर्फ अस्मत आरा और उसके पति अदनान के रूप में हुई है। मंगलवार को पुलिस टीम के स्योहारा पहुंचते ही इलाके में हड़कंप मच गया। टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी करते हुए करीब चार घंटे तक जांच–पड़ताल की। इस दौरान आरोपियों के ठिकानों से बड़ी संख्या में फर्जी दस्तावेज, मुहरें, मोबाइल फोन, लैपटॉप और नकदी बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी दंपती लोगों को दिल्ली के नामी अस्पतालों में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूलते थे। इसके लिए वे फर्जी नियुक्ति पत्र और अन्य दस्तावेज तैयार कर देते थे। शिकायत मिलने पर दिल्ली साइबर क्राइम पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। सूत्रों के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ दिल्ली में पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। महिला आरोपी हाल ही में जमानत पर बाहर आई थी और फिर से ठगी के धंधे में सक्रिय हो गई। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि आरोपियों ने कई लोगों से 20 से 50 लाख रुपये तक की ठगी की है। मामले की सूचना पर क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडेय भी थाने पहुंचे और आरोपियों से पूछताछ की। पुलिस दंपती को अपने साथ दिल्ली ले गई है और आगे की कार्रवाई जारी है।

# विदेश में मौत पर शक, डेढ़ साल बाद कब्र खोदकर निकाला शव

न्यूज वाणी ब्यूरो

किरतपुर, बिजनौर। गांव शकरपुरी में एक युवक की विदेश में हुई संदिग्ध मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। करीब डेढ़ साल बाद प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए दफनाए गए शव को कब्र से बाहर निकलवाया और जांच के लिए भेज दिया। मृतक तालिब अहमद की 10 जुलाई 2024 को सऊदी अरब में मौत हुई थी। परिजनों का आरोप है कि उन्हें मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। जिस व्यक्ति के माध्यम से युवक को सऊदी भेजा गया था, उसकी बातों में लगातार विरोधाभास सामने आने से परिवार को घटना पर संदेह बना रहा। परिवार ने न्याय के लिए लंबे समय तक अधिकारियों के दरवाजे खटखटाए। उन्होंने जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और भारतीय दूतावास तक गुहार लगाई, लेकिन लंबे समय तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आखिरकार मामला गंभीर होने पर प्रशासन ने जांच के आदेश दिए। बुधवार को प्रशासनिक टीम और पुलिस बल गांव के कब्रिस्तान पहुंचा, जहां धार्मिक रीति–रिवाजों के बीच शव को कब्र से बाहर निकाला गया। इस दौरान परिजन, ग्राम प्रधान और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार शव को पोस्टमार्टम और अन्य जरूरी परीक्षणों के लिए बिजनौर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा होगा और आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

फैसल चश्में वाले

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

फैसल चश्में वाले

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर

डा. जमाल अहमद, जी.टी. रोड, फतेहपुर, MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी, सम्पादक कारवाने हक, 9415065213
एफ.ए.जाफरी, D.R. (Opt.), 7379440876

# राष्ट्र चेतना जगाने निकली ज्योति कलश यात्रा का हुआ स्वागत

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। गायत्री शक्तिपीठ के तत्वाधान में राष्ट्र निर्माण और समाज जागरण का संदेश लिए निकली ज्योति कलश यात्रा का रथ जनपद के जारी गांव के यूपीएस प्राथमिक विद्यालय पहुंचा। विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों और




स्थानीय नागरिकों ने पुष्पवर्षा और जयघोष के साथ रथ का भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही विद्यालय के एकल कक्ष का उद्घाटन हरिद्वार से आए शक्तिपीठ आचार्य द्वारा किया गया आचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में नई चेतना जगाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति संस्कारवान होगा। तभी राष्ट्र उत्थान और जनकल्याण संभव होगा। मां भगवती की शताब्दी वर्ष अखंड ज्योतिकलश यात्रा पर निकली हुई है जो की सभी को जन जागरूक करती हुई समाज में सद्भाव समरसता का संदेश देती हुई विद्यालय यूपीएस जारी पूजन अर्चन कर गुरुदेव की दिव्य अनुभूतियों का आभास हुआ और सभी ने उनका आशीर्वाद लिया, साथ ही भारतीय संस्ःति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र भी छात्रों को वितरण किए गए और बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार के साथ देश के प्रति प्रति प्रेम कर्तव्य निष्ठा रखने संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य साधना निगम ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया पुनः आने के लिए आवाहन किया, इस कार्यक्रम पर राजाराम एसएमसी अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल सहायक अध्यापक ज्योति विश्वकर्मा सहायक अध्यापक अर्चना अर्चना तिवारी सहायक अध्यापक गांव के प्रबुद्ध वर्ग और से अखिलेश भैया कोटेदारऔर अभिभावक सम्मिलित रहे।

# पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

## - एसपी से रिपोर्ट दर्ज करने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। कमासिन थाना क्षेत्र के ग्राम सांड़ासानी निवासी सुधीर सिंह ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि 17 मार्च 2026 को वह अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी ग्राम चकरेही चौराहे के पास खड़ी पिकअप ने पीछे



से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सुधीर ने पिकअप चालक अन्तिम मिश्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। सुधीर का इलाज अभी भी चल रहा है और उनके इलाज में लगभग 1,50,000 रुपये खर्च हो चुके हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने पीड़ित व्यक्ति को आश्वासन देते हुए कहा कि हर संभव मदद की जायेगी और कानूनी कार्रवाई करवाई जायेगी।

# लोडर की टक्कर से किसान की मौत



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के मुरहा देवरथा मोड़ के पास गुरुवार सुबह एक लोडर ने पैदल जा रहे किसान रामदास यादव (60) को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अज्ञात लोडर की तलाश जारी है।

# खेत में लगी आग, 25 बीघे की फसल जलकर राख

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शार्ट सर्किट से खेत मे लगी आग 25 बीघे की फसल जलकर हुई राख, जानकारी होने पर किसान ने फायर बिग्रेड को दी सूचना,दमकल की गाड़ी न आने पर किसानों ने बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का किया प्रयास,कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग



पर काबू, ओला वृष्टि से बची फसल आग में जलकर राख हो गई। किसान की हालत भुखमरी के कगार पर। मामला तिंदवारी थाना अंतर्गत मुंगुस गांव का।

# गांव-गांव भ्रमण कर फार्मर रजिस्ट्री शिविर का एसडीएम ने लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत ग्राम उमरिया व चनैनी सहित अन्य ग्रामों का भ्रमण कर फार्मर रजिस्ट्री अभियान के तहत गांव–गांव लगाये गये शिविरों का निरीक्षण



कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने शिविर में मौजूद लेखपालों व .षि विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि .षकों की फार्मर रजिस्ट्री के साथ–साथ खतौनी में नाम की त्रुटि, अंश निर्धारण, नाम मिसमैच जैसी समस्याओं का भी गुणवत्तापूर्ण समाधान कराया जाय ताकि सभी सम्बन्धित .षक निर्बाध रूप से योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्राप्त कर सकें। एसडीएम ने किसानों से कहा कि फार्मर रजिस्ट्री एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि, खाद–बीज पर सब्सिडी, .षि यंत्रों पर छूट जैसी सभी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर आईडी अनिवार्य होगी। फार्मर रजिस्ट्री बन जाने पर फसलों की बिक्री (गेहूं धान, सरसों) में आसानी होगी, किसान क्रेडिट कार्ड मात्र 3 दिनों में बन सकेगा, फसल क्षति पर मुआवजा प्राप्त करने में सुविधा मिलेगी, सभी सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी समस्या के मिल सकेगा। उन्होंने .षकों को सुझाव दिया कि अपने आधार लिंक मोबाइल नंबर, आधार कार्ड और खतौनीध्गाटा संख्या के साथ नजदीकी कैंप, जनसेवा केंद्र या लेखपाल से संपर्क कर तत्काल फार्मर रजिस्ट्री करा लें।

# प्रधानों ने पंचायत चुनाव, मनरेगा भुगतान व कार्यकाल बढ़ाने को सौंपा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। फखरपुर ब्लॉक में पंचायत विकास मंच के बैनर तले प्रधानों ने विकास खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मनरेगा भुगतान और चुनाव कार्यकाल बढ़ाने की मांग उठाई। विकास खंड फखरपुर में पंचायत विकास मंच के नेतृत्व में ब्लॉक के प्रधानों ने विकास खंड अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रधानों ने पंचायत चुनाव समय से न होने की स्थिति में वर्तमान प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने तथा मनरेगा के तहत कराए गए कार्यों का बकाया भुगतान कार्यकाल समाप्त होने से पहले कराने की प्रमुख मांग उठाई। कार्यक्रम के संयोजक सूरज शुक्ला, डॉ. श्याम चौधरी, राम सुन्दर पांडे, सूर्य प्रकाश सिंह (बुल्लू), बाराती लाल वर्मा राज कुमार राव, मंगल दास, रंजीत दास, राम छबीले निषाद, राम छबीले यादव, कोमल प्रधान, अफान खान, पप्पू सिंह, पिंटू सिंह, मनीष सिंह अजय शुक्ला सलमान खान फारूक खान ज्ञानचंद्र वर्मा सहित अन्य प्रधानों ने बताया कि मनरेगा 2005 अधिनियम के अंतर्गत पूर्व में कराए गए कार्यों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। इससे श्रमांश और




सामग्री मद में करोड़ों रुपये बकाया हो गए हैं जिसके चलते प्रधानों पर सप्लाई करने वाले फर्मों का लगातार दबाव बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 26 मई 2026 को प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है, ऐसे में यदि समय रहते भुगतान नहीं हुआ तो प्रधानों और संबंधित फर्मों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदेश की पंचायतों का कार्यकाल 26 मई 2026 और 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। वर्तमान परिस्थितियों में समय पर चुनाव कराना चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। इसके पीछे मतदाता सूची के पुनरीक्षण में देरी, समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन न होना तथा आरक्षण के लिए आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया का अधूरा रहना प्रमुख कारण बताए गए हैं। संगठन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानीय निकायों में आरक्षण लागू करने के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है और निर्वाचित संस्थाओं के स्थान पर प्रशासकों की नियुक्ति केवल अस्थायी स्थिति में ही उचित मानी जाती है। उन्होंने मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड जैसे राज्यों का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां ऐसी परिस्थितियों में निर्वाचित प्रतिनिधियों को ही कार्यभार जारी रखने दिया गया, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था बनी रही। पंचायत विकास मंच ने सरकार से मांग की है कि यदि समय पर पंचायत चुनाव संभव न हो, तो वर्तमान प्रतिनिधियों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। साथ ही चेतावनी दी कि बाहरी प्रशासकों की नियुक्ति लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत होगी। इस अवसर पर प्रधान नीलम राम करन पांडे सलीम अहमद मो नसीम रूपा देवी दिलीप वर्मा सहित ब्लॉक फखरपुर के प्रधानो के साथ संगठन के अन्य पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एसपी ने थाना रानीपुर का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव द्वारा थाना रानीपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महिला हेल्पडेस्क पर प्रार्थना पत्रों की पेंडेंसी की समीक्षा की गई तथा सभी प्रार्थना पत्रों को रजिस्टर पर अंकित कर उन पर विधिसम्मत कार्यवाही करने के उपरांत स्वयं थाना प्रभारी द्वारा फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया। फरियादियों आगंतुकों के साथ अच्छा व्यवहार करने, बैठने एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। मालखाने के निरीक्षण के दौरान माल को क्रमवार एवं वर्षवार व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया। मेस की साफ–सफाई बनाए रखने तथा निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने के लिए कहा गया। साथ ही मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर उसके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। थाना के मालखाना एवं हवालात का निरीक्षण कर हवालात में साफ–सफाई बनाए रखने हेतु थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया। थाना परिसर में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की दशा एवं दिशा को दुरुस्त रखने हेतु आदेशित किया गया। रजिस्टरों के सुव्यवस्थित रख–रखाव एवं मालखाने में माल का क्रमवार संधारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी को निर्देशित किया गया कि थाने पर आने वाले आगंतुकों को सम्मानपूर्वक बैठाकर उनकी शिकायतों को सुनते हुए उनका विधिक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे उन्हें अनावश्यक रूप से मुख्यालय न जाना पड़े। थाना परिसर की साफ–सफाई एवं बैरकों का निरीक्षण कर बेहतर स्वच्छता एवं सामग्री के समुचित रख–रखाव हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए। मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर उसके




प्रभावी क्रियान्वयन तथा अभियान के अंतर्गत की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। साथ ही जनपद में चलाए जा रहे वारंटी एवं वांछित अभियुक्तों की गिरतारी अभियान की समीक्षा करते हुए इसमें और अधिक तेजी लाने तथा अधिक से अधिक वारंटियों वांछित अभियुक्तों की गिरतारी सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# एसकेएस कालेज में नर्सिंग छात्रों का शत-प्रतिशत परिणाम

## - बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर में सभी विद्यार्थी सफल, संस्थान में खुशी की लहर




न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय से संबद्ध डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज के बीएससी नर्सिंग तृतीय सेमेस्टर के परिणाम में इस वर्ष संस्थान ने शत–प्रतिशत सफलता हासिल कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। परीक्षा में सम्मिलित सभी 39 छात्र–छात्राएं सफल घोषित हुए, जिससे पूरे संस्थान में हर्ष का माहौल व्याप्त हो गया। घोषित परिणाम में आयुषी मिश्रा ने 80.33: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, निशा बाल्मीकि ने 78.66: अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि शुभा भारती ने 78: अंक अर्जित कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई और रोशनी, साक्षी अग्रवाल, सौम्या, सौम्या शुक्ला, सौरभ वर्मा, शाहरीन खान, शिखा रस्तोगी, शिवम विश्वकर्मा, श्वेता वर्मा, सृष्टि श्रीवास्तव, वैशाली अवस्थी, वार्तिका पांडेय और विपिन कुमार सहित सभी छात्र–छात्राओं ने सफलता अर्जित कर संस्थान का नाम रोशन किया। इस शानदार उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. सर्वेश शुक्ला, डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला, मैनेजर आस्था शुक्ला, प्रशासनिक प्रबंधक विनोद त्रिपाठी, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. के. रोजा रानी, एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर संगीता पाल,धर्मेंद्र तिवारी सहित समस्त फैकल्टी ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।संस्थान प्रबंधन ने इसे छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम बताते हुए आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी आगे भी सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे।

# 52386 छात्र-छात्राओं को योगी सरकार का डिजिटल उपहार बना संबल

## - जिले के 17726 छात्र-छात्राओं को मिले टैबलेट
## - 34660 छात्र-छात्राओं के हाथों में चमके आधुनिक स्मार्टफोन
## - स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत ऐतिहासिक वितरण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। जिसका असर अब बांदा जिले के कोने–कोने में दिखने लगा है। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत जिले के 52386 छात्र–छात्राओं को स्मार्टफोन और टैबलेट का वितरण किया गया है। जिससे उनके चेहरों पर मुस्कान लौट आई है। आधुनिक तकनीक से लैस इन उपकरणों को पाकर छात्र खुद को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार मान रहे हैं। '17 हजार को टैबलेट और 34 हजार को मिले स्मार्टफोन' जिले में चले इस वृहद वितरण अभियान के दौरान अब तक कुल 17726 छात्र–छात्राओं को टैबलेट दिए गए हैं। जबकि 34660 छात्र–छात्राओं आधुनिक स्मार्टफोन दिए गए हैं। सरकार का उद्देश्य है कि डिजिटल इंडिया के इस दौर में बांदा का कोई भी युवा संसाधनों के अभाव में पीछे न रहे। जिसके क्रम में घर–घर तक पहुंचे स्मार्ट फोन व टैबलेट ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों के लिए पढ़ाई की राह आसान कर दी है। 'तकनीकी रूप से सशक्त हो रही युवा पीढ़ी' योजना के तहत हुए इस ऐतिहासिक वितरण को लेकर जिले के युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा




है। छात्र छात्राएं अब न केवल ऑनलाइन क्लासेज और डिजिटल लाइब्रेरी का लाभ ले रहे हैं। बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए भी उन्हें इधर–उधर भटकना नहीं पड़ रहा है। सरकार की इस पहल ने ग्रामीण परिवेश के इन छात्र छात्राओं को भी वैश्विक पटल से जोड़ दिया है। जो युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होगा।

# अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में सामग्री विज्ञान पर चर्चा




न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। चंद्रशेखर आजाद .षि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित .षि अभियंत्रण संकाय के पूर्व अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा ने जीवीएम जी आर आर महाविद्यालय, चरखी, दादरी, हरियाणा के भौतिक विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में आमंत्रित वक्ता के रूप में ऑनलाइन माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक्स एवं औद्योगिक विकास में पदार्थ विभाग की महत्ता पर प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अवगत कराया कि सेमीकंडक्टर, नैनो मैटेरियल्स एवं स्मार्ट मैटेरियल्स जैसे नवाचारों ने हमारे उपकरणों को अधिक तेज छोटा एवं ऊर्जा कुशल बना दिया है, विशेष रूप से सिलिकॉन, गैलियम नाइट्रेट और ग्रेफीन जैसी सामग्रियां के उपयोग से चिप निर्माण में क्रांति आई है जिससे मोबाइल कंप्यूटर और संचार तकनीक का विकास नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है उद्योग क्षेत्र में भी नई सामग्रियों ने उत्पादन प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाया है, ऊर्जा स्रोत में बैटरी तकनीक और सोलर पैनल में उपयोग होने वाली नई सामग्रियां ऊर्जा को बढ़ावा दे रही हैं।डॉक्टर शर्मा ने यह भी अवगत कराया कि आने वाले समय में सामिग्री विज्ञान इलेक्ट्रॉनिक्स और उद्योग का मुख्य आधार बनेगा , इनोवेशन के माध्यम से ऐसी सामग्रियों का विकास किया जा रहा है जो अधिक टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल और उच्च प्रदर्शन वाली हो, इससे न केवल औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि भारत जैसे देशों की तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल करने में मदद मिलेगी।

# अवैध चरस के साथ में एक व्यक्ति गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर तैनात 42वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल व स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल की बुधवार सायं लगभग 5.40 बजे पिलर संख्या 641 के समीप एक नेपाली नागरिक को गिरतार किया गया, जिसके कब्जे से 1 किलो 18 ग्राम अवैध चरस बरामद की गई। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने अपना नाम



सुरेंद्र वर्मा (25 वर्ष), पुत्र बुट्टा वर्मा, निवासी भवनियापुर जिफरका, नेपालगंज बांके, नेपाल बताया। उसने यह भी स्वीकार किया कि वह नेपाल से चरस लाकर भारत में बेचने का कार्य करता है।

# बच्चों ने निकाली जनपद स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली

न्यूज वाणी ब्यूरो

रामगांव–बहराइच। बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में गुरुवार को कलेक्ट्रेट से स्कूल चलो अभियान की रैली निकाली गई। रैली को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और एमएलसी डा.प्रज्ञा त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्कूल चलो अभियान रैली को संबोधित करते हुए विधायक



नानपारा राम निवास वर्मा ने कहा कि 6–14 आयु वर्ग के सभी बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाने में शिक्षकों के साथ अभिभावकों को भी आगे आना होगा। बच्चों के शिक्षित होने से उनके साथ ही समाज व राष्ट्र की उन्नति होगी। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में बच्चों का शत–प्रतिशत नामांकन होना जरूरी है। इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र ने अभिभावकों से बच्चों पाल्यों को नियमित विद्यालय भेजने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि आउट आफ स्कूल बच्चों का सर्वेक्षण कर विद्यालय में नामांकित कराएं। शासन द्वारा संचालित सभी योजना का लाभ बच्चों को प्राप्त हो, ऐसा सभी प्रयास करें। वित्त एवं लेखाधिकारी वीरेश कुमार वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्र, अजीत सिंह, रणजीत कुमार, पुष्पेंद्र जैन, डाली मिश्रा,ने भी संबोधित किया। उपरोक्त कार्यक्रम में अनुराग शर्मा, राकेश सिंह, प्रदीप वर्मा, इसरार अहमद, मनोज दीक्षित, सुधीर मेहरोत्रा, प्रीती श्रीवास्तव, नैमिष गिरि, कुमार अभय, हरिओम मिश्र, जितेंद्र रॉय, सुरेश यादव, सूर्य प्रताप जायसवाल, नरेंद्र राय, पवन दूबे, राजेश मिश्र, राजेश पाण्डेय, आशा राम, शोभा यादव सहित दर्जनों सम्मानित खण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्यवक, एसआरजी, एआरपी, शिक्षक, अभिभावक व बच्चे उपस्थित रहे।

# दहेज हत्या के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे अभियुक्तों की जल्द गिरतारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले वांछित एक अन्य अभियुक्त को गिरतार कर लिया गया। गौरतलब हो कि मुश्ताक पुत्र रज्जव नि0 ग्राम छोटी कुंजर थाना छतरपुर



नें 31 मार्च को थाना कोतवाली नगर में अपनी पुत्री की दहेज हत्या के संबंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 170/26 धारा 103(1)85 बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट पंजी.त करते हुए दो अभियुक्तों को गिरतार कर पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है व अन्य अभियुक्तों के गिरतारी के प्रयास किये जा रहे थे। इसी क्रम में आज 09 अप्रैल को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा एक अन्य वांछित अभियुक्त को बाबूलाल चौराहा के पास से गिरतार कर लिया गया। पकड़े गए अभियुक्त रफीक पुत्र मंहगू निवासी मोहल्ला पोड़ाबाग थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0 170/26 धारा 103(1)85 बीएनएस व 3/4 डीपी थाना कोतवाली नगर में अभियोग दर्ज किया गया। पकड़ने वाली पुलिस टीम में रामजीत गौड़ निरी0 अपराध थाना कोतवाली नगर का0 संतोष विश्वकर्मा शामिल रहे।

# खनन माफियाओं पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## - 32 वाहन सीज, 5.18 लाख रुपये का जुर्माना वसूला

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में अवैध खनन, ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन एवं बिना नम्बर प्लेट वाहनों के विरुद्ध पुलिस द्वारा सघन अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की गई। यह अभियान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर, पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र कानपुर तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में संचालित किया जा




रहा है। अभियान के तहत जनपद पुलिस ने राजस्व विभाग एवं परिवहन विभाग (आरटीओ) के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए संयुक्त रूप से कार्रवाई की, जिससे अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जा सके। कार्रवाई के दौरान ओवरलोड वाहनों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा बिना वैध प्रपत्रों के परिवहन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की गई। इस दौरान कुल 32 वाहनों को सीजध्चालान किया गया, जबकि 5,18,000 रुपये का सम्मन शुल्क वसूला गया। इटावा पुलिस ने आमजन से अपील की है कि अवैध खनन, ओवरलोडिंग अथवा अवैध परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस या संबंधित अधिकारियों को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# आज प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

## – अश्वनलाइन और मोबाइल ऐप से भी देख सकेंगे अपना नाम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर जनपद की 199–जसवंतनगर, 200–इटावा एवं 201–भरथना (अ0जा0) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2026 पूर्ण कर लिया गया है।

इन निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। जनपद के मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में देखने के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए वेबसाइट पर जाकर मतदाता सूची में अपना नाम देखा जा सकता है। इसके अलावा मतदाता अपने मोबाइल फोन में वोटर हेल्प लाइन डाउनलोड कर भी आसानी से अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते हैं। ऑफलाइन माध्यम से नाम देखने के लिए मतदाता अपने बूथ लेवल ऑफिसर, पदाभिहित स्थल, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय में निःशुल्क मतदाता सूची का अवलोकन कर सकते हैं।

## अदालती नोटिस

ब अदालत उपजिलाधिकारी (न्यायिक) खागा, फतेहपुर

नं0 मु0– सन्

बनीता देवी पत्नी गुलाब प्रसाद निवासिनी– देवरा, टेनशाह आलमबाद, जिला कौशाम्बी।

.....वादिनी

1.जयनरायन सिंह पुत्र स्व0 फूलसिंह निवासी ग्राम व पोस्ट कारीकान, धाता फतेहपुर।

2.राजनरायन सिंह पुत्र स्व0 फूलसिंह निवासी ग्राम व पोस्ट कारीकरन, धाता, फतेहपुर।

3.पंकज मिश्र पुत्र प्रमोद चन्द्र मिश्र निवासी– कारीकान धाता, परगना धाता तहसील खागा जिला फतेहपुर।

4.विजयराज पाण्डेय पुत्र कैलाश नाथ पाण्डेय निवासी कारीकरन धाता परगना धाता तहसील खागा जिला फतेहपुर।

5.कौशलेन्द्र कुमार मिश्र पुत्र रमेश चन्द्र मिश्र निवासी सुखदेवपुर टेनशाह आलमबाद, परगना अथवरन, तहसील मंझनपुर, जिला कौशाम्बी।

6.महेश सखी पत्नी रामदीन पुत्री बुद्धू उर्फ बोडीलाल निवासिनी छतूपुर।

7.रामलखी पत्नी फूलचन्द्र पुत्री बुद्धू उर्फ बोडीलाल निवासी गहबरपुर, मजरे अन्दमऊ, परगना एकडला, तहसील खागा जिला फतेहपुर।

8.रामसखी पत्नी दूःखी पुत्री बुद्धू उर्फ बोडीलाल निवासिनी संवरई, तहसील सिराथू जिला कौशाम्बी।

9. शिवसखी पत्नी केशव प्रसाद पुत्री बुद्धू उर्फ बोडीलाल निवासी भौंतर, तहसील सिराथू जिला कौशाम्बी।

10. केश कुमार सिंह पुत्र नरेश सिंह निवासी देवरी रोड पानी टंकीके पास परगना धाता तहसील खागा जिला फतेहपुर।

11. ममता देवी पत्नी मानिक चन्द्र परगना धाता, तहसील खागा जिला फतेहपुर।

12. मानेन्द्र सिंह पुत्र भारत सिंह निवासी सिहारी पट्टी तहसील खागा, जिला फतेहपुर।

13. राजकुमारी देवी पत्नी सत्यनारायण सिंह निवासी बझरौली, परगना धाता तहसील खागा जिला फतेहपुर।

14. नगर पंचायत मौजा कारीकान, परगना धाता, तहसील खागा, जिला फतेहपुर।

..........प्रतिवादीगण

मु0 हस्व0दफा 116 उ0 प्र0 रा0 सं0

मौजा कारीकरन द्वितीय, परगना धाता

तहसील खागा जिला फतेहपुर हरगाह वादिनी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख 07 माह 04 सन् 2026 ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत उपजिलाधिकारी (न्यायिक) खागा फतेहपुर।

# इंडेन गैस एजेंसी पर उपभोक्ताओं का हंगामा

## - लंबी कतारों के बाद भी नहीं मिल रहे सिलेंडर

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। नगर के बस स्टैंड के पास स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर इन दिनों उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से शाम तक लंबी कतारों में खड़े रहने के बावजूद लोगों को गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा, जिससे उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि एजेंसी पर तैनात कर्मचारी संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं। कई दिनों से चक्कर काटने के बावजूद कभी बुकिंग, तो कभी केवाईसी या कागजी कमी बताकर गैस देने से मना कर दिया जाता है। कुछ उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें पर्ची देने के बाद भी सिलेंडर उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। ग्राम मलजनी निवासी राधेश्याम, शहनाज बेगम, नवलेश कुमार व अजब सिंह समेत कई लोगों ने बताया कि उन्हें तीन–चार दिन पहले पर्ची दे दी गई थी, लेकिन अब तक



गैस नहीं मिली। वे रोजाना एजेंसी के चक्कर काट रहे हैं और खाली हाथ लौटने को मजबूर हैं। निलोई गांव निवासी शहनाज बेगम पत्नी अनवार खान ने बताया कि उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत कनेक्शन लिया था। उनकी बुकिंग 26 मार्च को की गई थी, डीएसी नंबर मिलने के बावजूद अभी तक सिलेंडर नहीं दिया गया। उपभोक्ताओं ने एजेंसी संचालक पर मोबाइल नंबर बदलकर डीएसी नंबर अपने सिस्टम पर मंगाने और गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने के भी आरोप लगाए हैं। बताया गया कि लोग सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक लाइन में लगे रहते हैं, लेकिन गैस सप्लाई वाहन समय पर नहीं पहुंचता। एजेंसी का गोदाम करीब 40 किलोमीटर दूर फिरोजाबाद जिले के गांव खरौआ में होने से समस्या और बढ़ गई है। बुधवार और गुरुवार को सप्लाई बाधित रहने से लोगों में खासा आक्रोश देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की जांच कर कार्रवाई करने और नियमित गैस आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

# जसवंतनगर में सर्वाइकल कैंसर पर जागरूकता शिविर आयोजित

## - विशेषज्ञों ने वैक्सीनेशन और हेल्पलाइन के प्रति किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार




राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सर्वाइकल कैंसर विषय पर एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रज्ञा सिंह ने की। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पहुंची डॉक्टर रिद्धिमा गौर ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने समय पर जांच और वैक्सीनेशन के महत्व पर विशेष जोर देते हुए छात्राओं को जागरूक किया और टीकाकरण के लिए प्रेरित किया। बाल संरक्षण विशेषज्ञ प्रेम कुमार शाक्य ने अनाथ एवं असहाय बच्चों के लिए संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना की जानकारी दी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सोशल मीडिया के बढ़ते दुरुपयोग से सावधान रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में पीएलवी अधिकार मित्र ऋषभ पाठक, रामसुंदर दुबे, राजेंद्र यादव, लालमन बाथम एवं कुमारी नीरज ने छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क कानूनी सहायता की प्रक्रिया, महिला सुरक्षा कानूनों तथा घरेलू हिंसा, साइबर अपराध और बाल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नालसा की टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 के उपयोग, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के तरीकों को सरल भाषा में समझाया। शिविर के दौरान छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को स्वास्थ्य, सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना रहा।

# जिले में नगर निकाय उपचुनाव की घोषणा

## – 10 अप्रैल से नामांकन, 5 मई को मतदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (नगर निकाय) शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने अवगत कराया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, की अधिसूचना के निर्देशों के क्रम में नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के सदस्य पद (यदि न्यायालय के स्थगन आदेश से बाधित न हो) पर उप निर्वाचन निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कराए जाने का आदेश दिया गया है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति 10 अप्रैल से 16 अप्रैल तक पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक होगी। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 18 अप्रैल शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य समाप्ति तक की जाएगी। अभ्यर्थन वापसी 20 अप्रैल सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक निर्धारित की गई है। प्रतीक आवंटन 21 अप्रैल मंगलवार को पूर्वान्ह 11 बजे से कार्य समाप्ति तक किया जाएगा। मतदान 05 मई मंगलवार को प्रातः 07 बजे से सायं 05 बजे तक संपन्न होगा। मतगणना 07 मई गुरुवार को प्रातः 08 बजे से कार्य समाप्ति तक कराई जाएगी। सम्बंधित निर्वाचन अधिकारी/रिटर्निंग अधिकारी 10 अप्रैल को सार्वजनिक नोटिस जारी करेंगे तथा उसकी प्रति जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजेंगे। रिटर्निंग अधिकारी द्वारा सूचना निर्गत किए जाने के दिनांक से ही नामांकन पत्रों का विक्रय प्रारंभ किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र के नगरीय निकायों में इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार कराएंगे तथा इसकी प्रतियां संबंधित कार्यालयों और सूचना पट्टों पर प्रदर्शित की जाएंगी। नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति, संवीक्षा, अभ्यर्थन वापसी एवं प्रतीक आवंटन की प्रक्रिया अपर जिलाधिकारी कक्ष संख्या–4, कलेक्ट्रेट में संपन्न होगी, जबकि मतगणना की कार्यवाही जिला मुख्यालय पर संबंधित रिटर्निंग अधिकारी/सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा कराई जाएगी। उक्त उप निर्वाचन उत्तर प्रदेश नगर पालिका (सदस्यों, पार्षदों, अध्यक्षों और महापौरों का निर्वाचन) नियमावली, 2010 के प्राविधानों के अनुसार संपन्न कराया जाएगा। कार्यक्रम के मध्य आने वाले सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे और निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कार्यवाही की जाएगी। नगर निकाय उप निर्वाचन के अंतर्गत रिक्त सदस्य पद का विवरण इस प्रकार है नगरपालिका परिषद, इटावाय पदरू सदस्यय वार्ड संख्याध्नामरू 40 उर्दू मोहल्लाय आरक्षणरू पिछड़ा वर्ग।

# निजी संस्थानों के लिए शी-बॉक्स पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में संचालित सभी निजी एवं प्राइवेट कंपनियों, फर्मों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के मुख्यालयों को शी–बॉक्स पोर्टल पर पंजीकरण कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि महिला कल्याण विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशों के क्रम में यह कार्रवाई सुनिश्चित की जानी है। निर्देशों के अनुसार सभी संस्थानों को अपने–अपने मुख्यालयों का पंजीकरण स्वयं शी–बॉक्स पोर्टल पर करना होगा। इसके साथ ही संस्थान में गठित आंतरिक समिति का पूरा विवरण, जिसमें पीठासीन अधिकारी एवं सदस्यों की जानकारी शामिल है, पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। महिला कल्याण विभाग द्वारा 22 दिसंबर 2025 एवं 31 मार्च 2026 को जारी पत्रों के माध्यम से जनपद के सभी शेष निजी संस्थानों को भी शी–बॉक्स पोर्टल पर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। यह मामला उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली में भी विचाराधीन है, जिसके .ष्टिगत निर्देशों का अनुपालन अत्यंत आवश्यक है। सभी संबंधित संस्थानों से अपेक्षा की गई है कि वे समयबद्ध तरीके से पंजीकरण प्रक्रिया पूरी कर आवश्यक जानकारी पोर्टल पर दर्ज करें, जिससे महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

# शार्ट सर्किट से 21 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

## - ग्रामीणों ने मिलकर बुझाई आग, मुआवजा दिलाने की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। तहसील क्षेत्र के अलग–अलग स्थानों पर बिजली के शार्ट सर्किट से इक्कीस बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने मिलकर आग पर काबू पाया। उधर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंचकर फसल नुकसान का जहां आंकलन किया वहीं किसानों ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जाफराबाद गांव के समीप जय गुरुदेव मंदिर के पीछे गुरुवार की दोपहर बिजली के शार्ट सर्किट से गेहूं की पकी फसल में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। खेत में लगी आग को देखकर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। किसानों व युवाओं ने मिलकर काफी प्रयास के बाद आग को बुझाया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी पहुंची। आग लगने की घटना में जाफराबाद गांव निवासी सुंदर पुत्र गया प्रसाद, सोहनलाल पुत्र गुरुदीन राकेश पुत्र लालमन व दिलीप पुत्र राजाराम की ढाई बीघा गेहूं की फसल जल गई। उधर जाफरगंज थाना क्षेत्र के अंगदपुर गांव में बिजली के शार्ट सर्किट से गेहूं के खेतों में आग लगने से सत्रह बीघा खड़ी फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक फसल का अधिकांश हिस्सा जल चुका था। इस घटना से प्रभावित किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। खेत में आग लगने की जानकारी मिलने पर



राजस्व विभाग टीम के लेखपाल अजीत उमराव मौके पर पहुंचे और आग लगने से फसलों के नुकसान का आकलन किया और रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# भाकियू की मासिक बैठक में गर्माया बिजली का मुद्दा

## - समस्याओं के समाधान के आश्वासन पर बनी सहमति

न्यूज वाणी ब्यूरो

असोथर, फतेहपुर। नगर पंचायत स्थित पावर हाउस परिसर में भारतीय किसान यूनियन की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस बैठक में क्षेत्र के किसानों ने भारी संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याओं को यूनियन पदाधिकारियों के समक्ष रखा, जिसमें सबसे अधिक आक्रोश विद्युत आपूर्ति की लचर व्यवस्था को लेकर दिखाई दिया। किसानों ने एक सुर में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में घोषित कटौती के अलावा भी घंटों बिजली गुल रहती है, जिससे खेती और रोजमर्रा के काम बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। बैठक के दौरान किसानों ने न केवल बिजली, बल्कि खाद और बीज




की उपलब्धता तथा सिंचाई संसाधनों में आ रही दिक्कतों को भी प्रमुखता से उठाया। किसानों का कहना था कि समय पर बिजली न मिलने और जर्जर तारों के कारण आए दिन होने वाले हादसों से वे मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। बिलिंग में आ रही गड़बड़ियों और बार–बार होने वाले ट्रिपिंग के मुद्दों पर किसानों ने विभाग के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की। मौके पर मौजूद उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता ने किसानों की इन वाजिब शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनका त्वरित संज्ञान लिया। अधिकारियों ने सार्वजनिक रूप से किसानों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में जहां भी जर्जर तार हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर बदला जाएगा और रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बिलिंग संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए भी जल्द ही कैंप लगाने की बात कही। अंत में अपने संबोधन में ब्लॉक अध्यक्ष सोनू सिंह गौतम उपाध्यक्ष रविदेव सिंह गौतम ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यूनियन किसानों के मान–सम्मान और उनके अधिकारों के लिए सदैव संघर्षरत है। उन्होंने विभाग को आगाह किया कि अधिकारियों द्वारा दिया गया आश्वासन मात्र कागजी नहीं होना चाहिए। यदि तय समय सीमा के भीतर विद्युत व्यवस्था और अन्य .षि समस्याओं का निस्तारण नहीं किया गया, तो संगठन चुप नहीं बैठेगा और किसानों के हित में उग्र आंदोलन व आगे की रणनीति बनाने के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर संगठन के सोनू शुक्ला, दीपू मिश्रा, रजत मिश्रा, कुलदीप निषाद, अंशुमान सिंह, शिवम सिंह, पवन वर्मा आदि रहे।

# अमरनाथ यात्रियों का मेडिकल 10 अप्रैल से शुरू

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा परीक्षण की प्रक्रिया 10 अप्रैल से शुरू की जाएगी। अमरनाथ बोर्ड द्वारा 9 अप्रैल के बाद मेडिकल जांच कराने के निर्देश जारी किए गए हैं, जिसके तहत प्रथम चरण में 10 अप्रैल, शुक्रवार को श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। अमरनाथ बर्फानी सेवा मंडल के अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे शांतिपूर्वक जिला चिकित्सालय पहुंचकर सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने आवेदन पत्र जमा करें, ताकि समय से यात्रा पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी की जा सके। यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बर्फानी सेवा मंडल द्वारा स्टेशन रोड स्थित विजय इलेक्ट्रॉनिक, करण फूलकाहरण, ऋषभ कंप्यूटर, .ष्ण बेकरी के सामने तथा न्यू गुप्ता ज्वेलर्स पर निशुल्क फॉर्म वितरित किए जा रहे हैं। श्रद्धालु पहले से फॉर्म प्राप्त कर उन्हें भरकर तैयार रखें। मंडल के पदाधिकारियों ने भी श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचकर चिकित्सा परीक्षण कराने की अपील की है, जिससे यात्रा संबंधी सभी औपचारिकताएं समय से पूरी हो

# बिजली चोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई

## – मॉर्निंग रेड में 7 उपभोक्ताओं पर मुकदमा दर्ज

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। विद्युत वितरण मंडल के अधीक्षण अभियंता ऋषभ देव एवं अधिशासी अभियंता के निर्देशानुसार चयनित फीडरों पर विद्युत चोरी रोकने, बकायेदार उपभोक्ताओं से राजस्व वसूली करने एवं अन्य वाणिज्यिक बिंदुओं पर लगातार




अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 09 अप्रैल को उपखंड अधिकारी द्वितीय मनोज कुमार वर्मा एवं अवर अभियंता शिवम कुमार शर्मा द्वारा विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र रामलीला से पोषित क्षेत्र गढ़ीपुरा में मॉर्निंग रेड की गई। रेड के दौरान सात उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसर में अतिरिक्त केबल, केबल बायपास एवं बिना संयोजन के विद्युत चोरी करते हुए पाए गए। सभी मामलों की मौके पर वीडियोग्राफी कर विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान लल्लू सिंह पुत्र स्वर्गीय दलवीर सिंह (अतिरिक्त केबल), किशनकांती पत्नी स्वर्गीय हीरालाल (अतिरिक्त केबल), राजा पुत्र शहजाद (बिना संयोजन), सितारा बेगम (केबल बायपास), सुल्ताना पत्नी जाहिद (बिना संयोजन), तसलीम पुत्र लतीफ (अतिरिक्त केबल) एवं फिरदोस पत्नी कल्लू (केबल बायपास) को दोषी पाया गया। इन उपभोक्ताओं पर कुल 11 किलोवाट भार दर्ज किया गया है। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के तहत विधिक कार्रवाई की गई है। अभियान के तहत विभाग द्वारा आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।

## सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सैय्यद शबिहैदर हसनी का जन्म का दिनाकं 22.02.1983 को घर पर हुआ था। माता का नाम नर्जिश हसनी है। अज्ञानतावश मेरे पुत्र का जन्म पंजीकरण में नाम दर्ज नही हो सका था। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जन्म प्रमाण पत्र किसी सरकारी/अर्धसरकारी संस्था से नही बना है। किसी प्रकार का वाद विवाद उत्पन्न होने के कारण उसकी जिम्मेदारी मेरे व मेरे परिवार की होगी। नर्जिश हसनी पत्नी स्व0 नईम अख्तर हसनी निवासिनी मोहल्ला पनी थाना कोतवाली शहर व जिला फतेहपुर हालमुकाम 1580ए0, यूनिटी लॉ कालेज के पास बरबान कला काकोरी लखनऊ।







# फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को जनपद के समस्त 2364 मतदेय स्थलों व बूथों पर किया जायेगा। सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ मतदाता सूची के साथ उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में भी प्रकाशित मतदाता सूची जनसामान्य के निरीक्षणार्थ 10 अप्रैल से एक सप्ताह की अवधि के लिए उपलब्ध रहेगी। अंतिम प्रकाशन हेतु तैयार की गई मतदाता सूची में कुल 1735900 मतदाता विद्यमान हैं। जिसमें विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 238 जहानाबाद, 239 बिन्दकी, 240 फतेहपुर, 241 अयाहशाह, 242 हुसैनगंज, 243 खागा में मतदाता सूची में कुल 1735900 महिला व पुरुष मतदाता है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त विधानसभाओं की एक सेट फोटोयुक्त मतदाता सूची की प्रति निःशुल्क 10 अप्रैल को उपलब्ध करायी जायेगी।

# शिक्षा माफियाओं के खिलाफ भाजपा नेताओं ने भरी हुंकार

### – विद्यालय को नहीं बनने देंगे शश्वपिंग कॉम्प्लेक्स

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। कस्बे में शिक्षा के नाम पर जारी अवैध वसूली और शिक्षा माफिया के बढ़ते वर्चस्व के खिलाफ अब जनप्रतिनिधियों और अभिभावकों ने आर–पार की जंग का ऐलान कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रवीण पांडेय अन्नू कटियार और नारायण सिंह ने संयुक्त रूप से मोर्चा खोलते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि कस्बे के कुछ चुनिंदा विद्यालय पिछले कुछ ही वर्षों में लाखों से करोड़ों की संपत्ति बनाकर शिक्षा माफिया के रूप में उभरे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा के मंदिर को व्यापारिक केंद्र बना दिया गया है। नेताओं ने स्पष्ट लहजे में कहा कि एक पिता और एक अभिभावक को बहुत लूटा गया है। क्षेत्र के अभिभावकों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि लगातार शिकायतों के बावजूद इन विद्यालयों पर अब तक कोई ठोस विभागीय कार्यवाही नहीं हुई है। नेताओं का कहना है कि प्रशासन की चुप्पी इन माफियाओं के हौसले बुलंद कर रही है। हुंकार भरते हुए नेताओं ने कहा कि अब यह लड़ाई केवल कागजों तक सीमित नहीं रहेगी। अगर जल्द ही इन विद्यालयों की अवैध कमाई और मनमानी फीस वसूली पर लगाम नहीं कसी गई, तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान भारी संख्या में अभिभावक और स्थानीय नागरिक भी मौजूद रहे, जिन्होंने एकजुट होकर शिक्षा माफिया के खिलाफ संघर्ष का संकल्प लिया।

# बाइकों की भिड़ंत में एक की मौत, दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। दो बाइकों की आमने–सामने टक्कर में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें रेफर कर दिया गया है। मृतक और गंभीर रूप से घायल नीम टोला खागा के रहने वाले हैं जबकि तीसरा घायल गुरसंडी थाना खखरेरू के रहने वाला है। यह घटना सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के विक्रमपुर के पास हुई है। जानकारी के अनुसार 23 वर्षीय अवधेश कुमार पुत्र हरिप्रसाद गुरसंडी मीरापुर से बाइक लेकर अपने गांव खागा की ओर जा रहा था। तभी सामने से आ रहे करन कुमार पुत्र शिवलाल गौतम निवासी नीम टोला व उसका साथी अजय वर्मा 28 वर्ष पुत्र जगतपाल की निवासी नीम टोला की बाइक आपस में टकरा गई जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें लगभग 26 साल के करन कुमार की दर्दनाक मौत हो गई जबकि उनके साथी अजय वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों इलेक्ट्रिशियन का काम करते हैं और काम के सिलसिले में कहीं जा रहे थे। बताया जाता है कि सामने से आ रही चार पहिया वाहन के किनारे से निकलते समय अवधेश की बाइक से अजय वर्मा की बाइक टकरा गई। घटना के बाद एंबुलेंस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हथगाम लेकर गई जहां करन गौतम को मृत घोषित कर दिया गया। करन एवं अजय वर्मा स्मार्ट मीटर लगाने का काम करते हैं। करन के पिता शिवलाल ने बताया कि उनके बेटे की दो साल पहले शादी हुई है। पत्नी से कोर्ट में केस चल रहा है। आज करन किसी सिलसिले में तारीख भी है लेकिन अब इस दुनिया में नहीं है।

# जिले में 27 अप्रैल से होगा सामूहिक विवाह

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की संचालित कन्या विवाह सहायता योजना के अन्तर्गत 27 अप्रैल को जनपद में सामूहिक विवाह का आयोजन प्रस्तावित है। योजना के अन्तर्गत निर्माण श्रमिक को पुत्री के विवाह हेतु 85000 रूपए की धनराशि बोर्ड द्वारा आर्थिक सहायता के रुप में प्रदान की जाएगी। सामूहिक विवाह आयोजन में होने वाले व्यय हेतु 15000 रूपए प्रति जोडे की दर से भुगतान उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा आयोजनकर्ता को किया जाएगा। श्रमिक द्वारा अपनी पुत्री के सामूहिक विवाह में सम्मिलित होने की स्थिति में न्यूनतम 15 दिन पूर्व ऑनलाइन आवेदन करना होगा। यह जानकारी देते हुए सहायक श्रमायुक्त लालाराम ने बताया कि पंजी.त श्रमिक द्वारा निर्माण भवन एवं सन्निर्माण प्रक्रियाओ में पिछले 365 दिनों में कम से कम 90 दिन कार्य किया गया हो, श्रमिक का पंजीयन नियमानुसार नवीनी.त हो, श्रमिक द्वारा पंजीयन के उपरान्त कम से कम 1 वर्ष (365 दिन) की बोर्ड की सदस्यतावधि पूर्ण की जा चुकी हो, श्रमिक द्वारा अपनी दो पुत्रियों से अधिक का हितलाभ न लिया जा रहा हो, पंजी.त श्रमिक द्वारा राज्य अथवा केन्द्र सरकार के अधीन संचालित समान प्रकार की योजना का हितलाभ न लिया गया हो, श्रमिक द्वारा जिस पुत्री के विवाह का हितलाभ लिया जा रहा है उस पुत्री का विवाह पूर्व न हुआ हो, पुत्री व प्रस्तावित वर द्वारा क्रमशः 18 वर्ष एवं 21 वर्ष निर्धारित आयु पूर्ण करने के पश्चात उक्त योजना का हितलाभ अनुमन्य होगा, निर्माण श्रमिक की पुत्री का आधार प्रमाणीकरण उक्त योजना हेतु कराया जाना आवश्यक होगा, संबंधित पुत्री एवं वर की आयु के संबंध में जन्म प्रमाण पत्र/स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट/परिवार रजिस्टर की स्वप्रमाणित प्रति, लाभार्थी पंजीकृत श्रमिक के कुटुम्ब रजिस्टर/राशन कार्ड अथवा इसके समतुल्य, अभिलेख की स्वप्रमाणित प्रति होना जरूरी है। उन्होने कहा कि योजना के अन्तर्गत हितलाभ प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन पोर्टल पर स्वंय अथवा नजदीकी जन सेवा केन्द्र पर जाकर आवेदन करा सकते है।

# डिप्टी सीएम ने रेडक्रास भवन का फीता काटकर किया लोकार्पण

### - सहयोग करने वाले 150 व रक्तदान कराने वाली 20 संस्थाओं को किया सम्मानित

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। रेडक्रास भवन का लोकार्पण मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री/सभापति इंडियन रेडक्रास सोसाइटी बृजेश पाठक ने फीता काटकर किया। भवन को बड़ी भव्यता के साथ सजाया गया था। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि प्रदेश के .षि मंत्री सूर्य




प्रताप शाही, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति, उपसभापति अमरनाथ मिश्र, महासचिव रामानंद कटियार, कोषाध्यक्ष अरुण सिंह एवं विशिष्ट उपस्थित के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, विधायक खागा .ष्णा पासवान, विधायक बिंदकी जय कुमार सिंह जैकी, विधायक जहानाबाद राजेंद्र पटेल, विधायक अयाह शाह विकास गुप्ता, पूर्व विधायक बिंदकी करण सिंह पटेल, पूर्व विधायक सदर विक्रम सिंह तथा गणमान्य अतिथियों में जिलाधिकारी रविंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक, मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ राजेश मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ इश्तियाक अहमद उपस्थित रहे। सभी ने सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलित व भारतमाता एवं रेडक्रास के संस्थापक हेनरी डुनेन्ट के चित्रों में माल्यार्पण कर शुभारंभ किया तत्पश्चात कार्यकारिणी व आजीवन सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों का माल्यार्पण किया गया। महर्षि विद्या मंदिर के बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि रेडक्रास सेवा की संस्था है इसमें हम सभी को इस भाव से जुड़ना चाहिए जैसे हम गंगा स्नान में जाते समय जो चावल मां गंगा में इस भाव से अर्पित करते हैं कि ये भी मछलियों के काम आए। रेडक्रास भवन बनाने में सहयोग करने वाले 150 व रक्तदान शिविर आयोजित करने वाली 20 संस्थाओं को प्रतीक चिन्ह, शाल भेंटकर व महर्षि विद्या मंदिर के 10 बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सदस्यों को आजीवन सदस्यता प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। संचालन अनुराग मिश्र ने किया। अंत मे राष्ट्रगान के बाद सभी ने स्वरूचिभोज का आनंद लिया। इस अवसर पर उप चेयरमैन डॉ रज़िया सुल्ताना, कोषाध्यक्ष पंकज कुमार अवस्थी, सचिव अजीत सिंह, कार्यकारिणी सदस्य स्मिता सिंह, मोहन ज्योति, डॉ विवेक श्रीवास्तव, दिलीप कुमार श्रीवास्तव, संजय सिन्हा सहित प्रमुख सहयोगी महेंद्र शुक्ल, नमो नारायण गुप्ता, संजय कुमार श्रीवास्तव, उमेश कुमार श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, प्रेमचंद्र मौर्य, चैतन्य कुमार, हिमांशु श्रीवास्तव, शरद श्रीवास्तव, सुरेश चंद्र, रामप्रकाश मौर्य, आरके शुक्ल, सुरेश कुमार, षिव प्रसाद मामा, रजोल सेन भी मौजूद रहे।

## चुनाव में सपा व कांग्रेस को नकार देगी जनता : बृजेश पाठक

फतेहपुर। रेडक्रास सोसाइटी के भवन के उद्घाटन पर यहां आए उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विपक्षियों पर निशाना साधा। पंचायत चुनाव पर कहा कि मामला अदालत से निपटते ही समय से चुनाव संपन्न होंगे। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने सपा व कांग्रेस पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में जनता इन्हें पूरी तरह से नकार देगी। दोनों ही पार्टियों की कथनी–करनी जनता से छिपी नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि महिला आरक्षण पर दोनों ही दलों के नेता खांई खीचने का काम करके रहे है, जबकि पीएम मोदी महिलाओं को सम्मान देने का काम करेंगे। आज एक हजार दंगा कराने वाले सत्ता मांग रहे हैं। सपा मुखिया के पास कुछ बचा नहीं है। वो केवल सैफई में बैठकर मुंबई वालों को देखें। .षि मंत्री श्री शाही ने कहा कि सभी जिलों के डीएम को लगाया गया है। जहां पर भी किसानों को क्षति हुई है उसकी भरपाई सरकार करेगी।

# खनिज विभाग के प्रवर्तन कार्य से चार करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त

### – विगत दो वर्षो में खनिज विभाग की राजस्व वसूली में हुई 48.07 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में खनन विभाग द्वारा अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के विरुद्ध निरंतर प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की जा रही है। जिसके अंतर्गत जनपद में वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवैध खनन के छह प्रकरणों में कुल रूपये 2186620 के राजस्व की वसूली की गई। इसी प्रकार अवैध परिवहन के 2024 प्रकरणों में कुल रूपये 94436761 का अर्थदंड अधिरोपित कर राजस्व वसूली की गई एवं अवैध भंडारण के भी दो प्रकरण प्रकाश में आए। जिस पर कार्यवाही करते हुए 6246472 रूपए का अर्थदंड अधिरोपित कर राजस्व वसूली की गई। इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2025–26 में अवैध खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण के कुल 2032 प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही करते हुए 102869853 रूपए का अर्थदंड अधिरोपित करते हुए राजस्व की वसूली की गई। गत वर्ष में कुल 1632 प्रकरणों में 93526465 रूपए का अर्थदंड अधिरोपित करते हुए राजस्व की वसूली की गई थी। इस वर्ष किए गए प्रवर्तन कार्य से 9343388 रूपए (9.99 प्रतिशत) का अतिरिक्त राजस्व वसूला गया। वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल 1511 प्रकरणों में 69483300 रुपए का अर्थदंड अधिरोपित करते हुए राजस्व की वसूली की गई थी। वित्तीय वर्ष 2023–24 की अपेक्षा वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रवर्तन कार्य से 24057165 (34.63 प्रतिशत) का अतिरिक्त राजस्व वसूला गया जबकि वित्तीय वर्ष 2025–26 में गत वर्ष की अपेक्षा 9343388 (9.99 प्रतिशत) का 42743941 (48.07 प्रतिशत) का अतिरिक्त राजस्व वसूला गया। तहसील स्तरीय एवं जनपद स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा नियमित



अतिरिक्त राजस्व वसूला गया। इस प्रकार विगत दो वित्तीय वर्षों में जनपद में अवैध खनन, अवैध परिवहन, अवैध भंडारण से रुपए रूप से जनपद में संचालित खनन पट्टों एवं अवैध खनन व अवैध परिवहन की जाँच करते हुए प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

# दुकान नुमा भवनों में संचालित हो रहीं अवैध कक्षाएं

### - हाईस्कूल-इंटर पास शिक्षक संभाल रहे बच्चों का भविष्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर, फतेहपुर। कस्बे में शिक्षा व्यवस्था की हकीकत चौंकाने वाली सामने आई है। यहां दर्जनों ऐसे निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं जो न केवल मानकों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और भविष्य दोनों के साथ गंभीर खिलवाड़ कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इन स्कूलों का संचालन बिना पर्याप्त संसाधनों, बिना प्रशिक्षित शिक्षकों और बिना बुनियादी सुविधाओं के खुलेआम किया जा रहा है, जबकि जिम्मेदार अधिकारी इस ओर से आंखें मूंदे बैठे हैं। कस्बे के गाजीपुर–फतेहपुर मार्ग पर एक गेस्ट हाउस के सामने सड़क किनारे संचालित हो रहा एक स्कूल इस लापरवाही का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया है। यहां न तो स्कूल के सामने बाउंड्रीवॉल है और न ही बच्चों की सुरक्षा के कोई इंतजाम। छोटे–छोटे कमरों, जो देखने में दुकानों जैसे लगते हैं, में कक्षाएं चलाई जा रही हैं। सड़क से सटे होने के कारण हर समय हादसे का खतरा बना रहता है, लेकिन इसके बावजूद स्कूल संचालक बेखौफ होकर संचालन कर रहे हैं। इन स्कूलों में पढ़ाने वाली कई शिक्षक शिक्षिकाएं केवल हाईस्कूल या इंटरमीडिएट पास हैं, जिनके पास न तो कोई प्रशिक्षण है और न ही शिक्षण का अनुभव। ऐसे में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलना तो दूर, उनका भविष्य ही अंधकारमय होता नजर आ रहा है। अभिभावक भी मजबूरी में अपने बच्चों को इन स्कूलों में भेज रहे हैं, क्योंकि उन्हें सही जानकारी और विकल्पों की कमी है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि गेस्ट हाउस के सामने खुले इस स्कूल को लगाकर कई अन्य स्कूलों को केवल प्राथमिक स्तर की मान्यता प्राप्त है, लेकिन वहां नियमों को दरकिनार करते हुए उच्च कक्षाएं भी संचालित की जा रही हैं। शिक्षा विभाग के नियमों का खुला उल्लंघन करते हुए संचालक मनमानी कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि इन स्कूलों का संचालन पूरी तरह 'कमाई के धंधे' के रूप में किया जा रहा है, जहां बच्चों की शिक्षा से ज्यादा ध्यान फीस वसूली पर है। सवाल यह उठता है कि आखिर कब तक ऐसे 'शिक्षा माफिया' बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते रहेंगे? अगर समय रहते इन स्कूलों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो किसी बड़े हादसे से इंकार नहीं किया जा सकता। जरूरत है कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग तत्काल जांच कर ऐसे सभी मानक विहीन स्कूलों को बंद कराए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। मामले को गंभीरता से लेते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी भारती त्रिपाठी ने बताया कि गाजीपुर कस्बे में संचालित मानक विहीन एवं अमान्य विद्यालयों की जांच के लिए बहुआ खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है। जांच में जो भी स्कूल नियमों के विपरीत पाए जाएंगे, उनके संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भगवान परशुराम की जयंती पर अवकाश की मांग

### - हिंदू महासभा ने सीएम को भेजा ज्ञापन

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू



महासभा ने भगवान श्री विष्णु के छठे अवतार, ज्ञान तपस्या और पराक्रम के प्रतीक राष्ट्रीय गौरव, सनातन धर्म के समर्थ संवाहक रेणुका नंदन भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव प्राकट्य दिवस पर सार्वजनिक अवकाश की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जिलाधिकारी के माध्यम से की गई। एक मांग पत्र उप जिलाधिकारी प्रदीप रमन को सौंपा गया। महासभा के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज त्रिवेदी ने कहा कि हम सब सनातन धर्मी भगवान श्री परशुराम का जन्म महोत्सव अपने परिवार सहित धूमधाम से मनाकर शोभायात्रा निकालते हैं। हम सबकी पूर्ण आस्था व विष्वास भगवान श्री परशुराम के ऊपर विद्यमान है। आगामी परशुराम जयंती में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने से और भी सब लोग एकत्रित होकर अपने आराध्य की पूजा अर्चना करेंगे। इस मौके पर मंडल उपाध्यक्ष रामगोपाल शुक्ला, गजेंद्र मौर्य, जिलाध्यक्ष शशिकांत मिश्रा, स्वामी रामआसरे आर्य, करण सिंह पटेल, डॉ प्रमोद पांडेय, अनमोल शुक्ला, दीपक यादव, मुकेश चौरसिया, संतोष नेता, राजशर्मा, गौरीशंकर दुबे, महिला जिलाध्यक्ष संगीता गुप्ता, सुधा सिंह उपस्थित रहीं।

# युवती के साथ छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार

### – वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने की कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली पुलिस ने छेड़खानी और जबरन मोटरसाइकिल पर बिठाने के प्रयास के मामले में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर वांछित आरोपी अमन सैय्यद उर्फ जार्डन को गिरतार कर लिया है। आरोपी अमन सैय्यद उर्फ जार्डन पुत्र स्व0 हनीफ निवासी उत्तरी खेलदार थाना कोतवाली पर आरोप है कि उसने एक अज्ञात लड़की का रास्ता रोका, अश्लील हरकतें कीं, उसे खींचा और जबरदस्ती अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाने का प्रयास किया। जब लड़की ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे



गाली–गलौज दी और जान से मारने की धमकी भी दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पीड़िता ने थाना कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा संख्या 130/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 126(2), 75, 352 एवं 351(2) के अंतर्गत मामला दर्ज किया था। थाना कोतवाली पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अमन सैय्यद उर्फ जार्डन को गिरतार कर लिया। आरोपी को गिरतार करने के बाद नियमानुसार आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने इस मामले में पुलिस की त्वरित कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि महिलाओं के खिलाफ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल होने वाली घटनाओं पर भी पुलिस सतर्क नजर रख रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

# भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता का हुआ जोरदार स्वागत

### – राजेश यादव व नरेन्द्र यादव ने भेंट किया राधा–कृष्ण का चित्र

### – किसानों के मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं यूथ विंग प्रभारी चौधरी राजेश यादव के छोटे भाई नरेन्द्र यादव के आवास पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का आगमन हुआ। जहां उनका राधा–कृष्ण का चित्र भेंटकर स्वागत किया गया।



तत्पश्चात किसानों के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। मुलाकात के दौरान किसानों की वर्तमान स्थिति, फसलों के दाम और .षि से संबंधित समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई। राकेश टिकैत ने किसानों की आवाज को मजबूती से उठाने की बात कही, वहीं चौधरी राजेश यादव ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे, जिन्होंने किसानों के हित में एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रभारी चौधरी राजेश यादव ने राधा कृष्ण की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। सपा नेत्री रत्नेश रत्ना, भूप सिंह यादव, नरसिंह यादव, अखिलेश मौर्य, वीरन यादव, किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह, युवा जिलाध्यक्ष विवेक यादव, राजन यादव, प्रधान प्रतिनिधि यादव हरी ओम, प्रधान यशवंत सिंह यादव, राहुल यादव, महेंद्र सिंह यादव, पहलवान प्रधान छोटू यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार रुपए का इनामिया गैंगस्टर घायल

### – अवैध तमंचा व कारतूस भी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और साहसिक कार्रवाई से एक खूंखार गैंगस्टर को मुठभेड़ में घायल कर गिरतार कर लिया गया। आरोपी जीशान खान पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था और उसके सिर पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। बुधवार की रात करीब 11.25 बजे थरियांव थाना प्रभारी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह अपनी टीम अपराध निरीक्षक सुरजीत कुमार, उपनिरीक्षक पृथ्वी राज सिंह, उपनिरीक्षक संजीव कुमार, विवेकानन्द मिश्रा, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सोनकर, कांस्टेबल जितेन्द्र सिंह, अनीश यादव, मनीश कुमार, सतीष कुमार, सतीश पवार, टीकम सिंह के साथ पूर्वी बाईपास पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि गैंगस्टर एक्ट के वांछित आरोपी जीशान खान हाईवे मोड़ से फतेहपुर की तरफ आ रहा है। पुलिस टीम ने तुरंत उसका पीछा



किया। अभियुक्त जीशान खान पुलिस को देखते ही टेकसारी जाने वाले मार्ग पर भाग निकला और झाड़ियों में छिपकर पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने की नीयत से अवैध तमंचा से फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस टीम ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें आरोपी के बाएं पैर में गोली लग गई और वह घायल हो गया। घायल जीशान खान को तत्काल जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस तथा 250 रुपये नकद बरामद किए गए। गिरतार जीशान खान पुत्र इब्राहिम निवासी ग्राम अमांव थाना खागा पर पहले से ही कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या के प्रयास, लूट, चोरी, आर्म्स एक्ट और गैंगस्टर एक्ट के कुल 11 मामले शामिल हैं, जिनमें कौशाम्बी और फतेहपुर के विभिन्न थानों में दर्ज मुकदमे शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि थाना थरियांव क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ में 25 हजार रुपये के इनामी अपराधी को घायल अवस्था में गिरतार किया गया है। आरोपी के कब्जे से बरामद अवैध हथियार और गोलियां जांच में भेज दी गई हैं। प्रकरण में थाना थरियांव पुलिस द्वारा नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )